


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 360 | ग्वालियर, 30 अक्टुबर, सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


न्यूज ट्रैक

## राम जन्मभूमि आंदोलन सिखों ने शुरू किया गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश उत्सव में बोले राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार (29 अक्टूबर) को गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश उत्सव पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित आलमबाग गुरुद्वारे में माथा टेका. इसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सिख समुदाय ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए बहुत कुछ किया है. न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, यह सिख ही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन शुरू किया था और उनके योगदान को कोई भी भारतीय कभी नहीं भूल सकता. इतना ही नहीं अपने संबोधन को दौरान उन्होंने लोगों के साथ एक तथ्य भी शेयर किया. सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, लखनऊ के आलमबाग में स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारे में श्री गुरू ग्रंथ साहिब के प्रकाश उत्सव के आयोजन में सम्मिलित हुआ। उन्होंने कहा, श्री गुरू ग्रंथ साहिब ज्ञान और करूणा का ऐसा सागर है, जिसमें गोते लगाकर, हर व्यक्ति को सही राह मिल जाती है. इसमें दिया गया ज्ञान, समय और सीमाओं के बंधन से मुक्त है. निस्वार्थ सेवा, शांति और बंधुत्व का संदेश देने वाले श्री गुरू ग्रंथ साहिब केवल सिख समाज के लिए ही नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है. लखनऊ के आलमबाग में स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारे में, श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश उत्सव के आयोजन में सम्मिलित हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन सिखों ने शुरू किया था. उन्होंने आगे कहा कि अब हर कोई अपने अधिकारों के बारे में बात करता है, लेकिन अपने कर्तव्यों के बारे में कोई बात नहीं करता. उन्होंने कहा, अगर कोई ऐसा समुदाय है कि जिसका देश के लिए बलिदान देने वालों का प्रतिशत और सेना में उनका प्रतिशत उनकी जनसंख्या से अधिक है तो वह सिख समुदाय है. उन्होंने अपने संबोधन में कहा, मैं सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक एक अहम तथ्य साझा करना चाहता था. एक एफआईआर के मुताबिक 1 दिसंबर 1858 को सिखों के एक समूह ने गुरु गोविंद सिंह के नाम के नारे लगाते हुए राम जन्मभूमि के परिसर पर कब्जा कर लिया और वहां की दीवारों पर हर जगह राम राम लिख दिया.

## केरल ब्लास्ट वाली जगह से मिली बैटरी और तार, टिफिन में रखा गया था बम

**नई दिल्ली।** केरल के कोच्चि कन्वेंशन सेंटर में ईसाई समुदाय यहोवा साक्षियों की प्रार्थना सभा में एक के बाद एक हुए सिलसिलेवार ब्लास्ट में एक व्यक्ति की मौत और 36 लोगों के घायल होने की घटना में आतंकी वारदात का एंगल भी सामने आया है. शुरुआती जांच में मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने बैटरी, वायर और ब्लास्ट के लिए इस्तेमाल किए गए अन्य इंस्ट्रूमेंट बरामद कर लिया है. घटना स्थल से कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं जो धमाके की भयावहता को परखने में मददगार साबित होंगे. ब्लास्ट उस समय हुआ जब 2000 से अधिक लोग प्रार्थना सभा में शामिल थे. इसका जो वीडियो सामने आया है, उसमें देखा जा सकता है कि आग की लपटें उठ रही हैं और उसके बीच कुर्सियां गिरी हुई पड़ी हैं. ज़ाहिर सी बात है कि ब्लास्ट के बाद मची चीख पुकार और लोगों की अफरातफरी के बीच एक के बाद एक ब्लास्ट की घटना दिल दहलाने वाली थी. वीडियो में आग की उठती लपटें बता रही है कि धमाके की इंटेनसिटी कम नहीं थी. शुरुआती जांच में पुलिस ने जो बैटरी, वायर और अन्य डिवाइस बरामद किए गए हैं, उसके आधार पर दावा किया जा रहा है कि टिफफिन में डालकर इन चीजों के जरिए बम बनाए गए थे.

# केरल ब्लास्ट मामले में एक शख्स ने किया सरेंडर

**नई दिल्ली।** केरल के कलामासेरी में जमरा इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर में हुए बम धमाकों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केरल के एडीजीपी (कानून और व्यवस्था) एमआर अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने त्रिशूर ग्रामीण के कोडाकरा पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण किया है. उन्होंने कहा कि शख्स ने दावा किया है कि यह धमाके उसी ने किए हैं. उन्होंने बताया कि शख्स का नाम डॉमिनिक मार्टिन है. सरेंडर करने वाले शख्स ने दावा किया है कि वह उसी सभा के एक समूह से जुड़ा है. एडीजीपी ने कहा, हम इसकी पुष्टि कर रहे हैं. हम इस मामले के सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं. विस्फोट हॉल के बीच में हुआ था. गौरतलब है कि केरल के कोच्चि में एक कंवेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के दौरान रविवार (29 अक्टूबर) को जबरदस्त धमाका हुआ था. धमाका के समय प्रार्थना के लिए 2000 से ज्यादा लोग जुटे हुए थे.



सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि धमाके लिए इनसेंनडायरी डिवाइस का इस्तेमाल हुआ है. ये डिवाइस आईडी की तरह ही होता है. इससे एक छोटा धमाका होता है, जिससे आग लग जाती है. कन्वेंशन सेंटर में हुए विस्फोट पर केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि धमाके में 52 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं. कलामासेरी में 30 लोग भर्ती हैं, जिनमें से 18 आईसीयू में हैं और 6 गंभीर रूप से घायल हैं. एक 12 साल का बच्चा भी गंभीर रूप से घायल है. मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है. केरल में हुए धमाके के बाद दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है. भीड़-भाड़ वाली जगहों पर खास नजर रखी जा रही है. स्पेशल सेल लगातार खुफिया एजेंसियों के संपर्क में है और किसी भी इनपुट को हल्के में नहीं लिया जाएगा. भीड़भाड़ वाली जगह पर सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं.

**उत्तर प्रदेश में पुलिस अलर्ट**–केरल में हुए धमाकों के बाद उत्तर प्रदेश एसडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने सभी जिलों को अलर्ट रहने का आदेश दिया है. सभी सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हो गई हैं और टीमें पिछले कुछ दिनों में मिले इनपुट की जांच में जुट गई हैं.

# भारत में कम हो रहा है जमीन के अंदर पानी

**नई दिल्ली।** भारत गंगा, जमुना जैसी पवित्र नदियों का देश कहा जाता है. यहां पानी की समृद्धता इसे और सुंदर बनाती है. लेकिन इसी सुंदर और समृद्ध देश को गांवों और शहरों में पानी की बर्बादी किसी ओर दिशा में खींच रही है. संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की एक रिपोर्ट की मानें तो साल 2025 तक भारत में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ सकती है. ऐसे में इस बढ़ती समस्या को लेकर आशंका जताई गई है कि जल संरक्षण की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण, शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाले समय में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा. यूनेस्को की द्वारा जारी की गई रिपोर्ट की मानें तो साल 2016 में धरती पर 9.33 करोड़ लोग पानी की कमी से परेशान थे. जिसके बाद कई देशों में जल संकट की भारी कमी देखी गई. रिपोर्ट में ये भी दावा है कि एशिया का 80 प्रतिशत क्षेत्र पानी की कमी से जूझ रहा है. जिसमें पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर ये संकट काफी ज्यादा है. समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय भारत के प्रमुख 21 शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग पानी की भीषण परेशानी का सामना कर रहे हैं. देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है. इसके अलावा देश की बढ़ती आबादी भी जल संकट का एक बड़ा कारण



माना जा रहा है. फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण है. यदि जल को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले सालों में लोगों को पीने का पानी तक उपलब्ध करवाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है. ऐसे में फिलहाल ये जरूरी है कि सरकार के पास वो सभी डेटा हो जो जल सरंक्षण के लिए जरूरी है. जो फिलहाल एक बड़ी समस्या है.

## मुबंई की सड़कों से गायब होगी काली पीली टैक्सी

नई दिल्ली। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी के साथ- साथ सपनों का शहर कहा जाता है. लेकिन अगर इस शहर के बारे में सोचे तो कोलकाता में पीली कैब की तरह ही यहां काली पीली टैक्सी दिखाई देती है. इस टैक्सी ने न सिर्फ लोगों के बीच फेमस हुई बल्कि इस टैक्सी पर कई मशहूर फिल्में भी बन चुकी है. ये काली पीली टैक्सी यहां के लोगों की यादों में बस गई है. लोग भी इससे काफी प्यार करते हैं. मुबंईकर के लिए एक बुरी खबर है. ये काली पीली टैक्सी 30 अक्टूबर के बाद मुबंई की सड़कों पर दिखाई नहीं देगी. इस टैक्सी ने पिछले 6 दशक से अधिक समय से लोगों के बीच पॉपुलर रही. देखा जाए तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में पहचान बनाने वाली बेस्ट बसों के बाद इसे हटाने का निर्णय लिया गया है.

## मराठा आरक्षण के समर्थन में शिवसेना सांसद हेमंत पाटिल ने लोकसभा अध्यक्ष को भेजा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के हिंगोली से शिवसेना सांसद हेमंत पाटिल ने मराठा आरक्षण के समर्थन में लोकसभा अध्यक्ष के पास अपना इस्तीफा भेजा है. उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को रविवार (29 अक्टूबर) को अपना इस्तीफा भेजा. हेमंत पाटिल बीते दिनों उस समय चर्चा में आए थे जब उन्होंने नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में मरीजों की मौत के बाद अस्पताल के डीन से शौचालय साफ करवाया था. पाटिल के खिलाफ पुलिस में मामला भी दर्ज कराया गया था. इस महीने की शुरुआत में महाराष्ट्र के नांदेड़ में शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में 24 घंटे के भीतर 31 लोगों की मौत हुई थी, जिससे हड़कंप मच गया था. स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अस्पताल का दौरा करना था लेकिन उससे पहले हेमंट पाटिल वहां पहुचे थे. सांसद ने वहां गंदी हालत में शौचालय देखने पर उसे डीन से ही साफ करने के लिए कहा था.

## श्रीनगर में हुआ आतंकी हमला, पुलिसकर्मी शहीद

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित ईदगाह में आतंकियों ने एक पुलिस अधिकारी को गोली मार दी. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया था. सूत्रों के मुताबिक घायल अधिकारी ने दम तोड़ दिया है, लेकिन पुलिस की ओर से अभी पुलिसकर्मी के निधन की पुष्टि नहीं की गई है. पुलिस अधिकारी की पहचान मसरूर अली वानी पुत्र अली मोहम्मद वानी के रूप में हुई है. मसरूर येचिपोरा ईदगाह श्रीनगर के रहने वाले थे. पुलिस अधिकारी को गोली लगने के बाद श्रीनगर के ईदगाह में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. अधिकारियों के अनुसार यह हमला उस समय हुआ जब मसरूर वानी ईदगाह मैदान में स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे. घटना के बारे में जानकारी देते हुए कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आतंकवादियों ने श्रीनगर के ईदगाह के पास इंस्पेक्टर मसरूर अहमद पर गोलीबारी की और उन्हें घायल कर दिया. उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस आतंकवादी हमले में पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया था.



# केरल धमाके के बाद दिल्ली में भी हाई अलर्ट

**नई दिल्ली।** केरल के एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार को हुए धमाके के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी के गिरजाघरों के आसपास और मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य बाजारों, गिरजाघरों, मेट्रो स्टेशनों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. पुलिस अधिकारी ने कहा, 'उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सीमा से सटे इलाकों पर पुलिस दलों को नाकाबंदी करने के लिए सूचित किया गया है. सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों, मोटरसाइकिल चालकों और पीसीआर को सतर्क रहने के साथ ही प्राप्त होने वाली किसी भी जानकारी को नजरअंदाज नहीं करने के लिए कहा गया है. अधिकारी




ने कहा कि, हम भीड़ भाड़ वाले बाजारों में पहले से ही बारीकी से नजर रखे हुए हैं. त्योहारी सीजन को देखते हुए पहले से ही अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. केरल के कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार सुबह हुए धमाके में एक महिला की मौत हो गई और 36 लोग घायल हो गए. सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस का विशेष प्रकोष्ठ केंद्रीय एजेंसियों के लगातार संपर्क में है. बता दें, केरल के कोच्चि कन्वेंशन सेंटर में यहोवा साक्षियों की प्रार्थना सभा में रविवार (29 अक्टूबर) सिलसिलेवार ब्लास्ट हुए हैं. इनकी शुरुआती जांच में घटना स्थल से बैटरी, वायर और ब्लास्ट के लिए इस्तेमाल किए गए अन्य इंस्ट्रूमेंट बरामद किए जा चुके है. दावा किया जा रहा है कि इन सिलसिलेवार धमाकों में आईईडी की तर्ज पर बमों को टिफिन में रखकर ब्लास्ट किया गया है. गौरतलब है कि केरल मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के सीएम पिनाराई विजयन से बात की. बातचीत में उन्होंने घटनास्थल की स्थिति का जायजा लिया. इसके अलावा अमित शाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हाई-लेवल मीटिंग भी की है. ब्लास्ट के दौरान लगभग 2500 लोग वहां मौजूद थे. ब्लास्ट में 1 महिला के मौत हुई है जबकि 35 लोग घायल हैं.

# डॉक्टर बनाने में उत्तर भारत के राज्य पिछड़े, बिहार अंतिम पायदान पर

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कई बार अपने राज्य के स्वास्थ्य सेवा की तारीफ कर चुके हैं. लेकिन नीतीश सरकार के दावे और हकीकत में जमीन आसमान का फर्क है. हाल ही में मुजफ्फरपुर के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के स्वास्थ्य व्यवस्था की जमकर तारीफ की थी. मुख्यमंत्री ने यहां तक कह दिया कि अब मजबूरी में लोगों को चिकित्सा के लिए बिहार से बाहर जाने की जरूरत नहीं है, लेकिन केंद्र का हालिया डेटा उनके इस दावे को मुंह चिढ़ाने के लिए काफी है. राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक जवाब में बताया है कि एमबीबीएस सीट के मामले में नेशनल मेडिकल काउंसिल के हिसाब-किताब में बिहार काफी पिछड़ा हुआ है. सूची में बिहार नीचे से दूसरे नंबर पर है. बिहार से नीचे नॉर्थ-ईस्ट का मेघालय है. इस डेटा में आगे कहा गया है कि बिहार में मेडिकल की करीब 13 हजार सीटें होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह 2565 ही है. वो भी तब, जब बिहार सरकार कुल बजट का 7 प्रतिशत सिर्फ स्वास्थ्य विभाग पर खर्च कर रही है.

नेशनल मेडिकल काउंसिल ने हाल ही में एमबीबीएस सीट को लेकर एक नियम बनाया है. इसके मुताबिक 10 लाख की जनसंख्या पर मेडिकल की 100 सीटें होनी चाहिए. यानी प्रत्येक 10 हजार की आबादी पर एक सीट. इस पैमाने पर बिहार काफी



पिछड़ गया है. बिहार की आबादी करीब 13 करोड़ है. राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने कहा कि एनएमसी के हिसाब से बिहार में एमबीबीएस की सीटें 13 हजार के आसपास होनी चाहिए, लेकिन यह काफी कम है. बिहार के अभी 21 कॉलेज में एमबीबीएस की 2565 सीटें ही हैं. अगर आबादी के हिसाब से देखा जाए, तो बिहार में करीब 51 हजार लोगों पर एमबीबीएस की एक सीट है. बिहार के मुकाबले केंद्र शासित पुडुचेरी की बात की जाए, तो यहां 1000 लोग पर एमबीबीएस की एक सीट है. दक्षिण के पांचों राज्यों में औसतन 7 हजार पर एमबीबीएस की एक सीट है. 3 करोड़ 80 लाख आबादी वाले तेलंगाना में एमबीबीएस की 7415 सीटें हैं, जबकि एनएमसी के मुताबिक यहां 3809 सीटें ही होनी चाहिए. 6 करोड़ 76 लाख आबादी वाले कर्नाटक में एमबीबीएस की करीब 12 हजार सीटें हैं, यहां भी 6600 के आसपास सीटें होनी चाहिए. 3 करोड़ 94 लाख आबादी वाले झारखंड में एमबीबीएस की सिर्फ 980 सीटें हैं. एनएमसी के मुताबिक यहां कम से कम 3900 सीटें होनी चाहिए थी. इसी तरह मध्य प्रदेश की आबादी 8 करोड़ से ज्यादा है, लेकिन यहां एमबीबीएस की सीटें 4180 ही है. पश्चिम बंगाल की आबादी 10 करोड़ के आसपास है, लेकिन यहां एमबीबीएस की 4825 सीटें ही हैं. 4.6 करोड़ आबादी वाले ओडिशा में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2324 है.

# बुद्धि-बुद्धि बूस्टर के 15 छात्रों का ग्लोबल मेंटल मैथ ओलंपियाड, दुबई, के लिए हुआ चयन में

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शहर के लिए बहुत गर्व की बात है कि इस वर्ष दूसरी बार बच्चे अपने देश के साथ-साथ अपने शहर का नाम रोशन करने के लिए ग्लोबल मेंटल मैथ ओलंपियाड जो कि दुबई में आयोजित किया जा रहा है मैं अपनी भागीदारी रखने जा रहे हैं जिसमें से शिवपुरी शहर के बुद्धि बूस्टर के 15 छात्रों का चयन इस कंपटीशन में हुआ है जिसमें 6 छात्र शिवपुरी शहर से और नौ छात्र दुबई से हैं।।औरइस वर्ष मेंटल मैथ ओलंपियाड का कंपटीशन ग्लैंडल इंटरनेशनल स्कूल, दुबई में आयोजित आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शिवपुरी के बुद्धि बूस्टर अबेकस इंस्टिट्यूट के 15 विद्यार्थी नानकी अरोड़ा ,यश कर्मा नेहल कुशवाहा ,अद्वविता कोटिया ,जनीषा जैन, आन्या जैन, आयशा अग्रवाल, ऋषि सिंघानिया, आराध्या अग्रवाल, जील, विहान अरोड़ा, मौलिक शर्मा, माही पटेल ,किऋष्षा शर्मा का चयन हुआ है।।

यह प्रतियोगिता 5 नवंबर रविवार को दुबई में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता मेंटल मैथ्स पर आधारित है जिसमें कम समय में मैथ्स के जटिल सवालों को हल करना है।। यह प्रतियोगिता




डिजिटल तकनीक पर आधारित है। जिसमें बच्चों को आईपैड के द्वारा इस प्रतियोगिता को एक निर्धारित समय सीमा में पूरा करना रहेगा। इस प्रतियोगिता में इन जटिल सवालों को विद्यार्थी अबेकस और वैदिक मैथ की तकनीक से हल करेंगे इस प्रतियोगिता में उम्र के अनुसार बच्चों का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में चयनित होने पर शिवपुरी के विद्यार्थीयों के उत्साहवर्धन करने के लिए बुद्धि बूस्टर संस्था द्वारा सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया जिसमें शिवपुरी शहर की जर्नलिस्ट आरती जैन , आर्ट ऑफ़ लिविंग के डिवोटी अंकित खंडेलवाल और लक्ष्मी खंडेलवाल उपस्थित हुए और उन्होंने बच्चों को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने ,बुद्धि बूस्टर के मैनेजिंग डायरेक्टर और वैदिक मेथ ट्रेनर रितेश गुप्ता, रेखा गुप्ता और अबेकस ट्रेनर रोशनी गुप्ता के साथ इन विद्यार्थियों को और उनके माता-पिता को इस प्रतियोगिता को जीतने और भारत के साथ-साथ अपने शहर का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। बुद्धि बूस्टर वेदिक मेथ ट्रेनर रीतेश गुप्ता जी ने बताया कि यह हमारे शहर के लिए गर्व की बात है । बुद्धि बूस्टर के डायरेक्टर सचिन अग्रवाल ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम बच्चों में जो कंपटीशन को लेकर स्ट्रास और भय होता है उसको निकालना होता है। शिवपुरी शहर के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं और अपने देश शहर समाज और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं।

## शिवपुरी पुलिस की बारंटियों के खिलाफ कार्यवाही जारी, पुलिस थाना कोतवाली द्वारा फरार स्थाई बारंटी को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी श्री रघुवंश सिहं भदौरिया द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई वारंट तामील कराये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में फरारी स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के क्रम में कोतवाली टीआई विनय यादव की टीम द्वारा स्थाई वारंटी दिलीप ढीमर पुत्र जगदीश प्रसाद ढीमर उम्र 40 साल निवासी ग्राम भटनावर हाल टपरा मोहल्ला बैराढ जिसका स्थाई वारंटी थे जो काफी बर्षों से फरार था उसको गिरफ्तार किया गया।

**सराहनीय भूमिकाः** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, प्र. आर. 422 वहादुर सिहं, प्र.आर. 339 राजेश पाठक, आर. 212 ओमकार मिश्रा की विशेष भूमिका रही ।

## शिवपुरी पुलिस द्वारा थाना सुभाषपुरा, तेंदुआ, बामौरकलां द्वारा एफएसटी टीम के साथ मिलकर कार्यवाही करते हुये

### चैकिंग के दौरान कुल 556500 रुपये नगद चैकिंग के दौरान जप्त किए गए

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन मे आज दिनांक 27.10.23 को आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत थाना सुभाषपुरा, थाना बामौरकलां एवं थाना तेंदुआ द्वारा एफएसटी टीम के साथ मिलकर वाहन चैकिंग की गई, चैकिंग के दौरान पुलिस व एफएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में 5520000 रु. नगद जप्त गये है । धानसभा चुनाव 2023 मे एसएसटी नाका- भानगढ़ पर आज दिनांक 28.10.2023 को पुलिस टीम एवं राजस्व टीम द्वारा चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP07ष्ट9349 में अब्दुल पुत्र शाकिर रहमान 30 साल निवासी बस स्टेण्ड के पास खनियाधाना से एक लाख बारह हजार पाँच सौ (112500)रुपये जप्त किये गये। इसी प्रकार थाना तेंदुआ द्वारा आज कोटा नाका बॉर्डर चेकिंग के दौरान कार से एक लाख चवालीस हज़ार रूपेय जप्त किए गए। आज दिनांक को मसीद घाट बॉर्डर पर चैकिंग के दौरान थाना बामोरकला टीम एवं एसएसटी टीम द्वारा करनाल निवासी राजीव सिंह खत्री के पास से 3 लाख रुपए कैश जप्त किए गए, जिनका ब्यौरा मांग जाने पर कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया।



## थाना पिछोर पुलिस की बड़ी कार्यवाही जिला बदर के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मूले के निर्देशन में एवं एसडीओपी महोदय पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक व्दारा आदतन अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था इसी क्रम में आदतन अपराधी गोलू उर्फ हेमन्त पुत्र टालसिंह ठाकुर उम्र 30 साल निवासी बाचरौन चौराहा पिछोर के विरुद्ध थाना प्रभारी पिछोर व्दारा जिला बदर की कार्यवाही श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के माध्यम से की गई थी जिसे श्रीमान कलेक्टर महोदय व्दारा दिनाँक 23.10.23 को जिला बदर कर शिवपुरी व आसपास के अन्य जिलो की सीमा से बाहर 3 माह के लिये जिला बदर किया गया था। आज दिनाँक 29.10.23 को थाना प्रभारी पिछोर श्री शिवसिहं यादव को मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर आरोपी गोलू उर्फ हेमन्त




पुत्र टालसिंह ठाकुर उम्र 30 साल निवासी बाचरौन चौराहा पिछोर का दर्श होटल के सामने खडा है जिस पर एक टीम गठित की गई जिसमें उप निरी. अरविन्द छारी, सउनि सतीश जयंत, सउनि कमल सिहं बंजारा, सउनि जहान सिंह, प्रआर 548 दीपचंद, आर. 957 देशराज, आर 313 माँगीलाल गुर्जर व्दारा सूचना की तस्दीक की गई तो जिला बदर आरोपी गोलू ठाकुर होटल के सामने खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस व्दारा घेरकर पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई तो उसकी कमर में बायी तरफ एक 12 बोर का देशी कट्टा व दो जिन्दा राउण्ड मिले , वापसी पर आरोपी के विरुद्ध अप. क्र. 613/23 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट एवं आरोपी व्दारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(2) एंव 5(क)(ख) का स्पष्ट रूप से उल्लघन करता हुआ पाया जाने से आरोपी गोलू ठाकुर के विरुद्ध अप. क्र. 614/23 धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधि. 1990 एंव धारा 188 भादवि के पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय व्दारा न्यायिक अक्षिरक्षा मे भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर श्री शिव सिंह यादव, उप निरी. अरविन्द छारी, सउनि सतीश जयंत, सउनि कमल सिहं बंजारा, सउनि जहान सिंह, प्रआर 548 दीपचंद, आर. 957 देशराज, आर 313 माँगीलाल गुर्जर की भूमिका रही है ।

## हिंदवी स्वराज 350 वां वर्ष समारोह सम्पन्न

### समिति द्वारा आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता



रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

दमोह। हिंदवी स्वराज 350 वां वर्ष समारोह आयोजन समिति द्वारा स्थानीय उत्सव विलास परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दमोह जिले के समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया प्रतियोगिता में छत्रपति शिवाजी महाराज की थीम पर छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक चित्र बनाए गए आयोजन समिति के संयोजक विक्रम साहू ने कहां की हिंदवी स्वराज 350 वह वर्ष समारोह समिति द्वारा पूरे साल भर विभिन्न प्रकार के आयोजन आयोजित किया जा रहे इसी क्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज की थीम पर इस चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है उसके साथ ही समिति द्वारा आगामी समय में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए सभी बच्चों को आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 60 बच्चों ने भाग लिया जिसमें दमोह जिले के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य रूप से समिति के संयोजक विक्रम साहू, दीपेश उपाध्याय ,रिंकेश साहू हिमांशु रैकवार ,राम पटेल,तरुण कोरी,जागेश्वर रजक,पवन रजक,दीपक नेमा, दीप्ति खरे, श्रुति राजपूत, मनोरमा रतले, प्रिया श्रीवास्तव, एकता विश्वकर्मा, रश्मि वर्मा सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## असाटी समाज का बटियागढ़ में कार्यक्रम सम्पन्न

पुष्पांजली टुडे



दमोह /बटियागड़। घनश्यामपुरा में हरसिद्धि मंदिर प्रांगण में असाटी समाज बटियागढ, आलमपुर, चिरोला, नरसिंहगढ़, फुटेरा, बकायन द्वारा असाटी दिवस के मौके पर रविवार को सुबह 8 बजे सुंदरकांड पाठ, गरबा, बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जावेगी साथ ही उपहार पुरुस्कृत किए जाएंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष रविशंकर असाटी, महिला अध्यक्ष अर्चना जागेश्वर असाटी, युवा अध्यक्ष राकेश असाटी कि उपस्थिति रही एवं मीडिया प्रभारी ब्रजेश असाटी ने सभी का आभार माना।

## आनंद महोत्सव का हुआ समापन

### पूर्व विधायक आंनद श्रीवास्तव की स्मृति में हुआ पुरूस्कार वितरण

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

दमोह। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी 62 वा आनंद महोत्सव का आयोजन दमोह के पूर्व निर्दलीय विधायक स्वर्गीय आनंद श्रीवास्तव (आनंद भैया) की स्मृति में हृदय स्थल घंटाघर पर आयोजित किया गया जहां नगर में विराजमान सैकड़ो की संख्या में देवी प्रतिमाएं घंटाघर निकली से गुजरी तो वही अनेक समिति के अखाड़े ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आमजन का ध्यान आकर्षित किया आनंद महोत्सव के दौरान आनंद भैया की स्मृति में सभी दुर्गा उत्सव समितियों और अखाड़ों को शील्ड और मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता आलोक आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि आनंद भैया के पुण्य स्मरण में हम सभी प्रतिवर्ष दलगत राजनीति से हटकर एक मंच पर एकजुट होकर अनेक देवी प्रतिमाओं से जुड़ी समितियों और अखाड़ों को सम्मानित करने का कार्य करते हैं यह परंपरा निरंतर इसी रूप में आगे चलती रहे ऐसा हम सभी का प्रयास है हमारा दमोह सदैव गौरवशाली इतिहास का साक्षी रहा है यह परंपराएं हमारे बुंदेलखंड की धार्मिक धरोहर है इन्हें सदैव प्रोत्साहन की आवश्यकता है हम सभी मिलकर हर वर्ष इसी तरह आनंद महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाएंगे।आनंद महोत्सव में प्रमुख रूप से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया, विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मालती असाटी, मनु मिश्रा, कमल राय, रत्नचंद जैन, समाजसेवी सिद्दार्थ मलैया, विक्रांत गुप्ता, निशांत मलैया, वरिष्ठ पत्रकार सुनील गौतम, दिनेश प्यासी, महेन्द्र दुबे, सत्येन्द्र साहू, रमन खत्री,, अनुनय श्रीवास्तव, शशांक आसाटी, रोहित जैन, नितिन राजपूत सहित अनेक जनो की गरिमामयी




उपस्थति रही। आयोजन मुख्य व्यवस्थापक अंकुश आलोक श्रीवास्तव ने सभी का आभार माना साथ शासन प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका एवं समस्त जनता जानर्दन का तहेदिल से स्वागत करते हुए उन्हे इस पूरे आंदन महोत्सव को सफल बनाने में जिस तरीके का सहयोग किया उसके लिए उन्होने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर पालिका परिषद, विद्युत विभाग, सहित ड्यूटी पर तैनात अनेक अधिकारीयों और कर्मचारियों को मेडल और विभागीय स्तर पर शील्ड प्रदान कर उत्कृष्ट व्यवस्थाओं हेतु सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया। आनंद महोत्सव का कुशल संचालन कपिल सोनी, मोंटी रैकवार, आशीष तंतुवाय एवं कृष्णा पटैल ने किया।



# एसडीओपी और थाना प्रभारी ने किया मतदान केंद्रों का भ्रमण



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** विधानसभा चुनाव 2023 को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में एसडीओपी हेडक्वार्टर सी संजय सिंह तथा थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा द्वारा ऊमरी के स्टाफ सहित अटेर विधानसभा तथा भिंड विधानसभा के विभिन्न गांव के मतदान केदो का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान मतदान केदो की व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही गांव में घूम फिर कर कमजोर वर्ग के लोगों से मुलाकात कर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की हैं।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

# पथ संचलन में गूंजे मां भारती के जयकारे, लोगों ने की पुष्पवर्षा

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज नवयुवक मंडल केगेरी वडेर के तत्वाधान में विजयदशवी के पाच दिन बाद रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम हुआ। ये आयोजन सीरवी समाज ट्रस्ट केगेरी के अध्यक्ष कन्हैयालाल लचेटा और सचिव सुरेश देवड़ा एवं नवयुवक मंडल चेतन लचेटा के सहयोग से हुआ। जिसमें समाज के 45 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। श्री गणेश मंदिर के क्रीड़ागण से पथ संचलन अलग अलग मार्गो से होकर सुराणा कालेज केंगेरी उपनगरा पहुंचा। संस्था के सचिव सुरेश देवड़ा ने बताया कि पथ संचलन 12 साल में एक बार होता है ये मौका नही गवाना चाहिए। उन्होंने



जानकारी दी कि पथ संचलन सुबह 8 बजे से शुरू हुआ जो 9.30 को समापन हुआ। इस कार्यक्रम में हर उम्र के बच्चें युवा और वरिष्ठों ने अनुशासित कदमों के साथ राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। पथ संचलन में आगे-आगे घोष वादन से समूचे माहौल को सुनकर लोगों घरों से बाहर निकले तथा पथ संचलन को अपलक निगाहों से निहारा। शहर में पथ संचलन के मार्ग पर जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्पवर्षा की।इससे पथ संचलन जिन-जिन मार्गो से गुजरा मार्ग में पुष्पों की चादर बिछ गई। पथ संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवाओं को केंगेरी वडेर से निशुल्क युनिफाम प्रदान की गई। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल लचेटा ने समाज के सभी नौजवान युवाओं से आह्वान किया कि वे सब इस संग से ज्यादा से ज्यादा जुड़कर पथ संचलन में सहभागी बने।

# पाली सांसद पीपी चौधरी को पत्रिका देकर किया आमंत्रित



पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूरू। सीरवी समाज तुमकूर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 17 नवम्बर को धर्मगुरू दीवान साहब के सानिध्य में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री पाली सांसद पीपी चौधरी को पत्रिका देकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर सीरवी तुमकूर संस्था के पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष हेमराज सेंणचा, भानाराम चोयल, प्रभुलाल, राजुराम बर्फा आदि मौजूद थे।

# पत्रकार की पितृ शोक,पत्रकार संघ ने किया शोक ब्यक्त

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**दबोह-** दबोह नगर के इंडिया 24 सेटेलाइट न्यूज चैनल के संवाददाता रविन्द्र शर्मा के पूज्य पिता श्री मुन्ना लाल तिगुनायक ने रविवार को अंतिम सांस ली।जानकारी के मुताबिक रविन्द्र शर्मा के पिता बीमारी से जूझ रहे थे जिसके चलते उनका उपचार ग्वालियर के हॉस्पिटल में चल रहा था और रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।उनके निधन पर लहार,दबोह,आलमपुर के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।शोक ब्यक्त करने वालो में राजू त्रिपाठी,मोनू उपाध्याय,विवेक पाण्डेय,एन डी पाठक,सचिन शर्मा,पंकज सिरोठिया,नीरज शर्माहरिश्चंद्र पाण्डेय,अजय त्रिपाठी,दिलीप नायक,पंकज शर्मा,राजा भैया पाल, कुंजबिहारी कौरव,अर्पित गुप्ता,मोहित गोस्वामी,बुद्धप्रकाश बौद्ध सुधांशु मुद्गल,चिराग गुप्ता,मयंक त्रिपाठी, अजीज पाठक,उदयराज चौहान आदि पत्रकारो ने शोक व्यक्त किया।

# हजारों समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल करेंगे कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना

### नगर में निकलेगी विशाल नामांकन रैली, कांग्रेस मय होगा शहर

सीहोर। सोमवार को सीहोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना हजारों समर्थकों और कांग्रेस




पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में चुनावी पर्चा दाखिल करेंगे। इस मौके पर श्री सक्सेना के नेतृत्व में नगर के मुख्य मार्गो पर विशाल नामांकन रैली निकाली जाएगी। जिसमें हजारों की तादात में कांग्रेसी उपस्थित रहेंगे। नामांकन रैली सुबह 10 बजे विधानसभा के ग्राम अहमदपुर, से प्रारंभ होकर दोराहा, श्यामपुर होते हुए नगर के लुनिया चौराहा पहुंचेगी। लुनिया चौराहा पर सोमवार दोपहर 12 बजे समस्त कांग्रेसीजन और सक्सेना समर्थक एकत्रित होंगे। जहां से रैली पैदल पुराना बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा से मुख्य बाजार होते हुए तहसील चौराहा पहुंचेगी, अनुविभागीय कार्यालय राजस्व सीहोर में हजारों समर्थकों की उपस्थिति में कांग्रेस प्रत्याशी




शशांक सक्सेना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।
नामांकन रैली की रूपरेखा तय करने को लेकर शनिवार को बडा बाजार स्थित कांग्रेस चुनाव कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने क्षेत्रवासियों ने नामांकन रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है। कहा कि यह चुनाव आपके भविष्य का है, क्षेत्र की उन्नति और विकास का है। पूंजीपतियो और आमजन के बीच का है। पूंजीपति लोग सत्ता पर काबिज हैं। कुछ जनप्रतिनिधि राजनीति के माध्यम से हर क्षेत्र में अपना स्वामित्व स्थापित करते जा रहे हैं। विगत दस वर्षो में क्षेत्र की स्थिति बिगडती चली गई। विभागों में आमजन के काम नहीं होते। शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बनुयादी जरूरतों के लिए भी लोग जूझ रहे हैं। यहां के जनप्रतिनिधि अफसरों के सामने यश सर करते हैं। जनता की परेशानियों से वह मतलब नहीं रखते। बहुत हो चुका अब ऐसे लोगों को इस बार जनता कुर्सी से उतारने वाली है। प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। हर वर्ग को ध्यान में रखकर मेनेफेस्टो तैयार किया गया। क्षेत्र में उद्योग धंधे स्थापित होंगे। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने क्षेत्रवासियों से नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# गुणवानों की गुणानुवाद करने से हमारे में गुण प्रकट होता है: मुनि राजपद्मसागरजी म.सा

दैनिक पुष्पाजंली टुडे



बेंगलूरू। श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ श्रीरामपूरम् एल. एन. पूरम बेंगलोर में आसोज मास की नपपदजी की आराधना का समापन हुआ। मुनि राजपद्मसागरजी म.सा ने श्रावक एवं श्राविकाओं को प्रवचन के दौरान समझाया कि गुणवान एसे महापुरुषों की भक्ति करने से हमारे अवगुण टल जाते है, धनवान व्यक्ति के पास हम धन की अपेक्षा रख सकते है, और जो निर्धन है उसके पास धन की अपेक्षा रखना बबुल का बीज बोना और आम की अपेक्षा रखने जैसा है। मुनि श्रमणपद्मसागरजी म.सा ने बताया जो व्यक्ति प्रमाद में प?ा वह परमात्मा तक नहीं पहुंचता और नपपदजी ओलीजी के तपस्वीयों का अभिनंदन किया गया। लाभार्थी परिवार सुरेश कुमार विनोद कुमार जी भंडारी का का बहुमान श्री संघ के द्वारा किया।

# भाजपा-बसपा के कई लोग कांग्रेस में शामिल हुए



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । विधानसभा क्षेत्र लहार कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. गोविंद सिंह के समक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व जिला मंत्री,एफसीआई के डायरेक्टर रहे धनोली मेहगांव से नरेश सिंह भदौरिया भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए डॉ गोविंद सिंह के भिंड निज निवास टिकासरा पर नरेंद्र सिंह भदौरिया ने डॉ गोविंद सिंह से मुलाकात कर कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की तो वहीं विधानसभा लहार के बसंतपुर ग्राम से धर्मेंद्र सिंह दोहरे ,रोहित सिंह दोहरे, छोटेलाल दोहरे, इंद्रपाल दोहरे,, कृपाराम दोहरे सुनील सिंह,सूरज सिंह, राजा बाबू सिंह बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए। बसपा के समर्थकों को कांग्रेस में शामिल करने में हिमांशु खरे की मुख्य भूमिका रही। वहीं लहार विधानसभा के ग्राम खुर्द, मढैया, कुंवरपुरा, चंदौक से रामवीर सिंह रामस्वरूप सिंह कोक सिंह, कुंवर पाल सिंह पूर्व सरपंच,शिवम राजावत, हिरदेश, अंकुर सिंह,अंकुर शर्मा आदि लोग भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ गोविंद सिंह,लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा,हकीम चौधरी ग्राम देवरी कलॉ पहुँचे उस दौरान ग्राम - देवरी कलॉ से गौरव पाराशर,मूलचंद राजपूत,हनुमंत अहिरवार,कपिल मिश्रा,पंकज झा,गिरजेश कुशवाह आदि भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा रानी की बैठक आयोजित

### सभी शिक्षक मतदान के लिए मतदाताओं को करे जागरूक




पुष्पांजलि टुडे संवाददाता
नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान

महेचा । जवाली रानी रविवार को महेन्द्र सिंह महेचा की अध्यक्षता में रा उ .प्रा.वि. नं. 2. धर्मवीर मैदान रानी में आयोजित की गयी। बैठक में उपशाखा रानी के जिला कार्यकारिणी में निर्वाचित सदस्यों व उपशाखा रानी में रिक्त पदों पर मनोनीत सदस्यों का बहुमान किया गया। बैठक में राजस्थान विधानसभा आमचुनाव 2023 के मद्देनजर सभी उपस्थित शिक्षको को मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने का आग्रह किया तथा मतदाताओं को 25-11-2023 को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक करने का संकल्प लिया, जिससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके। बैठक में सभी शिक्षको को जानकारी दी कि विधान सभा आम चुनाव 2023 कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है, अतः यह चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक प्रभावी रहेगी, अतः सभी शिक्षकों ने आदर्श आचार संहिता की पालना का संकल्प लिया।
इस अवसर पर अध्यक्ष महेन्द्र सिंह महेचा, मंत्री-मगाराम सोलंकी,जिला उपसभाध्यक्ष श्यामलाल राठौड, उपसभा अध्यक्ष अर्जुन सिंह चारण,अतिरिक्त जिला मंत्री दिलीपसिंह चारण, जिला उपाध्यक्ष (संस्कृत शिक्षा) माधोसिंह राठौड़, सदस्य (संस्कृत) फूल चंद- मालवीय ,उपाध्यक्ष (महिला) रेणुका राजपुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लच्छाराम परिहार, व अ. (सदस्य) राजेन्द्र प्रसाद वैष्णव, उपसभाध्यक्ष-दीपक वैष्णव, उपाध्यक्ष (पुरुष) बीबी मोतीलाल मेवाड़ा, प्राध्यापक शेषाराम पंवार, चन्द्रप्रकाश सिद्धार्थ, महेश चारण, महेशसिंह राजपुरोहित, मांगीलाल दहिया सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# असंतुलित होकर पुलिये से नदी में गिरा ट्रैक्टर, चालक गम्भीर घायल



### मौके पर पहुंची पुलिस, घायल को इलाज के लिए भेजा पाली

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता
नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान

जवाली रानी -शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे कोलर से नयागांव जाते समय एक ट्रैक्टर नदी के पुलिये से गुजरते वक्त असंतुलित होकर लगभग 20 फीट नीचे नदी में जा गिरा। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। - खिंवाड़ा थाना अधिकारी घेवरराम डांगी के अनुसार कोट सोलंकीयान चौकी प्रभारी वरदसिंह सिंह चौहान व प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे पनोता निवासी वनाराम माली ट्रैक्टर लेकर कोलर से नयागांव की ओर आ रहा था, पुलिये से गुजरते वक्त पुलिया के ऊपर बने गड्ढे को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ट्रैक्टर नयागांव नदी पर बने 20 फीट ऊंचे पुलिया से नीचे नदी मे गिर जाने से चालक वना राम माली गंभीर रूप से घायल हो गया,सुचना मिलने पर चौकी प्रभारी चौहान तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को पाली इलाज के लिए भेजा गया। ट्रैक्टर पर चालक के अलावा अन्य कोई व्यक्ति सवार नहीं था। गौर तलब है कि नया गांव नदी पर बना पुलिया निर्माण के बाद दब जाने के कारण पुलिये पर बनी सड़क धस जाने से उस पर गड्ढा पड़ गया है, जिसके कारण कई बार हादसे होते-होते टले, आगे भी इस गड्ढे को सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ठीक नहीं करवाया गया तो कोई बहुत बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# खौड आंगनवाड़ी केन्द्र पर अन्न प्राशन व मतदान करने की दिलाई शपथ



पुष्पांजलि टुडे संवाददाता, नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान

जवाली /खौड स्थित महात्मा गांधी विद्यालय प्रांगण में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या पांच पर अन्नपान दिवस तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती धात्री 0 से 6 वर्ष तक की माताओ एवं परिजनों ने भाग लिया। इस दौरान रंगोली बनाकर मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। वही आंगनबाड़ी केंद्र पर दिए जाने वाले पोषाहार की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पीईईओ मनाराम मीणा, महिला पर्यवेक्षक आशा सोलंकी, शिक्षक मांगीलाल भाटी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गंगा देवी, सहायिका रेणु, आशा सहयोगिनी पिस्ता आदि मौजूद रहे।

# सतेंद्र यादव नेशनल यूथ पार्टी से चुनाव लड़ेंगे

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । समाजवादी पार्टी को जिले में लगा बडा झटका लगा। सपा के पूर्व जिला महासचिव एवं जिला मीडिया प्रभारी सतेंद्र यादव पत्रकार अटेर से टिकट के प्रबल दावेदार रहे। समाजवादी पार्टी से टिकट न मिलने पर नाराजगी जताते हुए पार्टी से त्यागपत्र देकर नेशनल यूथ पार्टी में शामिल हो गए,अब अटेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 9 से नेशनल यूथ पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। श्री यादव 30 अक्टूबर को भिण्ड कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

# सभी सातों विधानसभा के लिये सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

सतना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सतना और मैहर जिला अंतर्गत सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के लिये सामान्य प्रेक्षक नियुक्त कर दिये गये हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 चित्रकूट के लिये श्री मानवेंद्र प्रताप सिंह (आईएएस 2012), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 रैगावं और 64 नागौद के लिये श्री राम केवल (आईएएस 2009), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 सतना के लिये डॉ एम हरि जवाहर लाल (आईएएस 2005), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 मैहर के लिये श्रीमती अंजना एम (आईएएस 2013) और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 अमरपाटन और 67 रामपुर बघेलान के लिये श्री रोहित जामवाल (आईएएस 2014) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी सातों विधानसभा के लिये श्री अशीत कुमार पाणिग्रही (आईपीएस 1997) को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सभी प्रेक्षक स्थानीय सर्किट हाउस सतना में क्रमशः रुम नंबर बी-3, ए-4, ए-3, बी-2, बी-1 और बी-4 में ठहरे हुये हैं। निर्वाचन संबंधी किसी भी सूचना के लिये आम व्यक्ति इनके स्थानीय मोबाईल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इन स्थानीय नंबरों में श्री मानवेंद्र प्रताप सिंह 7803933767, श्री राम केवल 8817050332, डॉ एम हरि जवाहर लाल 8817008506, श्रीमती अंजना एम 6260085934, श्री रोहित जामवाल 8317055119 और पुलिस प्रेक्षक श्री अशीत कुमार का स्थानीय मोबाईल नंबर 8817065755 रहेगा। इसके पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त तीन व्यय प्रेक्षक वन विभाग रेस्ट हाउस सोनौरा के रुम नंबर 01, 02, 03 में ठहरे हुये हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र 61 चित्रकूट, 62 रैगांव एवं 64 नागौद के लिए नारेन्द्र कुमार सैनी (आईआरएस), विधानसभा क्षेत्र 65 मैहर एवं 66 अमरपाटन के लिए उमेश राठौड़ (आईआरएस) तथा विधानसभा क्षेत्र 63 सतना एवं 67 रामपुर बघेलान के लिए संजीत कुमार (आईआरएएस) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये हैं। निर्वाचन व्यय से संबंधित समस्या के संबंध में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक के दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं। व्यय प्रेक्षक श्री नारेन्द्र कुमार सैनी का मोबाइल नम्बर 8641069880, श्री उमेश राठौड़ का मोबाइल नम्बर 6260059642 और श्री संजीत कुमार व्यय प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 7999540377 है।

## विधानसभावार सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत विधानसभा क्षेत्रवार अधिकारियों की ड्यूटी सहायक व्यय प्रेक्षक के रुप में लगाई है। जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 61 चित्रकूट के लिये लेखाधिकारी अशोक मिश्रा, 62 रैगांव के लिये सहायक आयुक्त अमित कुमार पटेल, 63 सतना के लिये लेखाधिकारी राजीव शाक्य, 64 नागौद के लिये लेखाधिकारी अनुपम दुबे, 65 मैहर के लिये सीटीओ विवेक दुबे, 66 अमरपाटन लेखाधिकारी अखिलेश अखिलेश पाठक एवं विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बघेलान के लिये लेखाधिकारी अभिषेक कश्यप को सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सभी सहायक व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक के मार्गदर्शन में अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का परीक्षण, साक्ष्यों के फोल्डर के रख-रखाव का पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

## संपादकीय

# राजस्थान का चुनावी रंग-ढंग

पांच राज्यों में होने वाले चुनावों के लिए अब राजनैतिक दलों ने अपनी-अपनी राजनैतिक सेनाओं को लगभग सजा लिया है। मतदान प्रक्रिया आगामी 7 नवम्बर से छत्तीसगढ़ व मिजोरम से शुरू हो जायेगी। पांचों राज्यों तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व मिजोरम के जो चुनाव परिणाम आयेंगे उनसे अगले साल के शुरू में होने वाले लोकसभा चुनावों का समां बंधेगा। यदि इन राज्यों के पिछले 2018 के चुनाव परिणामों को देखा जाये तो इनमें से किसी में भी केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी विजयी नहीं हो पाई थी। मगर इसके बाद हुए लोकसभा चुनावों में इस पार्टी ने कमाल कर दिया था और लोकसभा की 543 सीटों में से 303 पर विजय प्राप्त कर ली थी। अतः यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि भारत के मतदाता राज्यों और देश के चुनाव में फर्क करके अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इन सभी राज्यों में राजस्थान की स्थिति निराली मानी जाती है क्योंकि पिछले 25 सालों से इस राज्य में कांग्रेस व भाजपा के बीच कुर्सी दौड़ इस प्रकार चलती है कि बारी-बारी से भाजपा व कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती रही हैं परन्तु राजनीति में यह कोई नियम नहीं हो सकता क्योंकि जनता अपनी चुनी हुई सरकार के कामकाज के आधार पर अपना मत निर्धारण करती है। लोकतन्त्र में पिछले अनुभवों को जो लोग नियम मान कर चलते हैं वे जनता के वोट की ताकत की अवहेलना करने के अलावा और कुछ नहीं करते। इस व्यवस्था में एक बात सबसे ऊपर समझनी जरूरी होती है कि हर पांच साल बाद चुनावों के माध्यम से जनता सत्ता के मालिकों को नहीं चुनती बल्कि नौकरों को चुनती है और नये चुनावों के वक्त उनकी मेहनत को माप कर उनका मेहनताना अदा करती है। राजस्थान में पिछले पांच साल से अशोक गहलोत की सरकार सत्ता पर काबिज है अतः जनता आगामी 25 नवम्बर को वोट देते हुए यह आंकेगी कि इन वर्षों में कांग्रेस की गहलोत सरकार ने कैसा काम किया है और वह उनकी अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरी है। अशोक गहलोत की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह जनता के बीच से उठे ही एक नेता हैं और राज्य की राजनीति में उन्होंने अपना स्थान अपनी मेहनत के बूते पर बनाया है। बेशक भाजपा में भी ऐसे कई नेताओं के नाम गिनाये जा सकते हैं मगर राज्य में भाजपा अपने किसी क्षेत्रीय नेता के चेहरे को आगे रख कर चुनाव नहीं लड़ रही है और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता पर निर्भर कर रही है। राज्य की 200 सदस्यीय विधानसभा में पिछली बार कांग्रेस को 101 सीटें मिलीं थीं और भाजपा को 73 जबकि शेष पर अन्य छोटी-छोटी पार्टियां और निर्दलीय विजयी हुए थे। किनारे पर बैठ कर श्री गहलोत को सरकार बनानी पड़ी थी मगर जल्दी ही उन्होंने इस स्थिति को बदला और कुछ छोटी पार्टियों के विधायकों का अपनी पार्टी में विलय करा लिया। सवाल यह है कि क्या इस बार भी ऐसी स्थिति बन सकती है? लोकतन्त्र की यह भी खूबी होती है कि हर चुनाव से मतदाता कुछ न कुछ सबक लेते हैं। पिछले दिनों कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश व गुजरात में हुए विधानसभा चुनावों में हमें यह देखने को मिला कि इन राज्यों के मतदाताओं ने निर्णायक फैसला देकर स्थिर व मजबूत सरकारें देने की तरफ कदम बढ़ाया। हिमाचल व कर्नाटक में कांग्रेस के पक्ष में मजबूत बहुमत आया और गुजरात में भाजपा के पक्ष में। इन राज्यों के चुनावों में जो भी छोटी-छोटी 'वोट कटुआ' कही जाने वाली पार्टियां थी उन्हें लोगों ने ज्यादा तवज्जों नहीं दी हालांकि गुजरात में आम आदमी पार्टी को कुछ सीटें मिली मगर वे सभी सीटें राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के खाते से ही थीं। इसके बावजूद भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला। राजस्थान में इस बार भी निर्दलीयों व छोटी-छोटी पार्टियों ने अपने उम्मीदवार मैदान में उतार रखे हैं परन्तु चुनावी माहौल को देखकर यह कहा जा सकता है कि इन पार्टियों का खाता शायद ही खुल पाये। इसकी वजह यह है कि एक तरफ भाजपा ने जहां चुनावों में अपनी पूरी शक्ति झोंक रखी है वहीं कांग्रेस ने भी पूरी ताकत लगा रखी है। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा लाभ जनता को ही होने वाला है। जाहिर है कि दोनों पार्टियों का राजनैतिक विमर्श एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। इससे मतदाताओं का राजनैतिक जागरण होने में कहीं न कहीं मदद जरूर मिलती है क्योंकि लोकतन्त्र में चुनाव राजनैतिक पाठशालाओं का भी काम करते हैं और कांग्रेस नेता श्रीमती प्रियंका गांधी जिस तरह अपनी सभाओं में साधारण भाषा में मतदाताओं के समक्ष राजनीति के गूढ़ पक्ष को खोल रही हैं और लोक कल्याणकारी राज का अर्थ बताते हुए मतदाताओं के मजबूत बनने का अर्थ समझा रही हैं उससे वर्तमान दौर की उत्तेजनात्मक व दुश्मनी वाली राजनीति का रंग पीला पड़ने की संभावनाएं प्रबल होती हैं। भाजपा की तरफ से अपनी शैली मे लोगों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

# सोशल मीडिया की असामाजिकता

**दीलिप सिंह**

> *कोरोना का प्रकोप कम होने के बाद जब रेल सेवा को फिर से शुरू किया गया तो बुजुर्गों को मिलने वाली छूट को बहाल नहीं किया गया। हाल ही में रेल मंत्रालय ने संसद को एक लिखित जवाब में कहा था कि रियायतों के चलते उस पर भारी बोझ पड़ता है।*

भारत में भी सोशल मीडिया के नशे के युवाओं के सिर चढ़कर बोलने पर गाहे-बगाहे चिंता जतायी जाती है। इसकी वजह से जहां एक ओर उनकी एकाग्रता भंग होती है, वहीं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताएं भी परेशान करने वाली हैं। देश में कई ऐसे मामले खबरों की सुर्खियां बने हैं जब इस लत से रोकने वाले अभिभावकों पर किशोरों द्वारा प्राणघातक हमले किये गये। दरअसल सोशल मीडिया के नशे को नियंत्रित करने व बड़ी तकनीकी कंपनियों को जवाबदेह बनाने की मांग भारत समेत पूरी दुनिया में उठती रही है। अब सोशल मीडिया के स्रोत संयुक्त राज्य अमेरिका के दर्जनों राज्यों ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाकर फेसबुक व इंस्टाग्राम की स्वामित्व वाली कंपनी मेटा पर मुकदमें दर्ज कराये हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि एक नशे की लत के रूप में सोशल मीडिया को प्रोत्साहित करके मोटा मुनाफा कमाने वाली कंपनियां अपने सामाजिक दायित्वों से बच रही हैं। साथ ही जोड़-तोड़ की कोशिशों से अपने मंसूबों को विस्तार दे रही हैं। निस्संदेह, दुनिया भर में अभिभावक, शिक्षक, देखभाल करने वाले व नीति निर्माता वर्षों से सोशल मीडिया से बच्चों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों के बारे में चेताते रहे हैं। कई शोधों के निष्कर्ष हैं कि सोशल मीडिया पर लंबा समय बिताने के चलते किशोरों में अवसाद, चिंता, अनिद्रा व खान-पान संबंधी विकार सामने आए हैं। वहीं मेटा के अधिकारियों की दलील है कि उसने किशोरों व परिजनों को सुरक्षित सुविधा प्रदान करने के लिये कई कारगर विकल्प पेश किये हैं। कानूनी प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन रहने के दौरान युवाओं पर पड़ने वाले प्रभावों का जिक्र किया गया है। आरोप है कि इस लत के आदी युवाओं में संवेदनशीलता कम हो रही है।



उनमें आत्मबोध से विमुख होने व कल्याण की भावना के प्रति उदासीन होने जैसे भाव उपजते हैं। उल्लेखनीय है कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों द्वारा गैरजिम्मेदार व्यवहार के चलते कई नामचीन कंपनियों मेटा, टिकटॉक व यूट्यूब पर अमेरिका में पहले ही सैकड़ों मुकदमें चल रहे हैं। लेकिन मौजूदा पहल अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। निस्संदेह, यदि इन मामलों में कोई निर्णायक फैसला आता है तो नतीजे वैश्विक प्रभाव वाले हो सकते हैं। लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही है कि इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिये नये ऑनलाइन सुरक्षात्मक प्रावधान किये जाएं। जो कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर निर्धारित हों। विशेषज्ञों की राय है कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना ऑनलाइन सुरक्षा का विकल्प नहीं हो सकता। इसके बजाय डिजिटल साक्षरता और गोपनीयता पर जोर दिया जाना चाहिए। जाहिर है कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के माता-पिता के प्रयासों का बच्चे विरोध करेंगे। इसलिये अभिभावकों को सुरक्षात्मक तरीके से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए। मसलन सोने जाने से पहले स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को सीमित किये जाने के लिये बच्चों से विमर्श किया जाना चाहिए। उन्हें देर रात तक सोशल मीडिया पर बने रहने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों से अवगत कराना चाहिए। उन्हें उस आशंका से मुक्त कराने के प्रयास हों, जिससे उन्हें लगता कि कुछ छूट गया है। उन्हें इस चर्चा के लिये प्रोत्साहित करें कि किस तरह की सामग्री उनके लिये उपयोगी है। उनसे पूछा जाये कि क्या देखने से वे ऊर्जावान महसूस करते हैं या खुद को कमजोर महसूस करते हैं। दरअसल, इस विश्वव्यापी संकट के तमाम तरह के घातक परिणाम देखने में आए हैं। जो अभिभावकों की गहरी चिंता का विषय हैं। इसकी एक मुख्य वजह यह भी है कि बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील सामग्री से अपरिपक्व उम्र में रूबरू हो रहे हैं। जिसके चलते समाज में अल्पवयस्कों में यौन अपराधों की वृद्धि घातक स्तर तक हो रही है। वहीं दूसरी ओर बच्चे भी आपराधिक तत्वों की प्रताड़ना का शिकार बन रहे हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिये घर व स्कूल में बच्चों को सोशल मीडिया के स्याह पहलुओं से अवगत करना जरूरी है।

# गगनयान' इसरो की नई उड़ान

**प्रेम**

गगनयान मिशन से जुड़े एक महत्वपूर्ण ट्रायल की सफलता से इसरो ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की ली। गगनयान भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वकांशी परियोजना है, जिसमें वह भारत में ही बने अंतरिक्षयान से भारत के ही यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेंगे। इसरो के मानव अभियान को 2025 में लांच किया जाएगा परन्तु इसके लिए तैयारियां पहले से ही जरूरी हैं। अंतरिक्ष यात्राएं बहुत जोखिमपूर्ण होती हैं और इस पर काफी धन भी खर्च होता है। जोखिम कम करने के लिए वैज्ञानिक अपने हर कौशल का इस्तेमाल कर रहे हैं। अंतरिक्ष के अनंत रहस्यों को खोजने के मानवीय गुणों ने चांद, मंगल, शुक्र जैसे धरती से परे खगोलीय पिंडों पर मानवीय पदचिन्हों की छाप छोड़ दी है।



अंतरिक्ष की दौड़ में दुनिया के चुनिंदा देशों के साथ भारत भी खड़ा होने के मुकाम पर है। अंतरिक्ष में मानव भेजने के भारत के महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान स्वदेशी तकनीक से निर्मित देश का ऐसा मिशन होने जा रहा है जो कि भविष्य में दुनियाभर में भारतीय वैज्ञानिक क्षमता का परचम लहराने वाला होगा। इस गगनयान को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सतीश धवन स्पेस सेंटर से सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। अभी हाल ही में चांद के दक्षिणी ध्रुवीय हिस्से पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद दुनियाभर में इतिहास रचने वाले भारत के इस महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान का भविष्य के अंतरिक्ष मिशन पर बहुत प्रभाव पड़ेगा। गगनयान अभियान के बारे में 21 अक्तूबर को दो प्रयोग किये गए। रॉकेट में धरती से 10 किलोमीटर की ऊंचाई पर सुपरसोनिक स्पीड पकड़ लेती है। यह देखा गया कि इस समय हवा का वेग बदलने से रॉकेट टूटकर बिखर सकता है या नहीं। ऐसे अभियानों में रॉकेट को इस तरह से छोड़ा जाता है कि वह हवा के पीछे-पीछे चले लेकिन यदि हवा की दिशा से रॉकेट की दिशा दो डिग्री से ज्यादा बदल जाए तो रॉकेट टूट सकता है। ऐसी परिस्थिति में रॉकेट आग का गोला बन सकता है। इसलिए ऐसी स्थिति आने पर उसमें सवार यात्रियों को निकाल लेना पड़ेगा। इसे सुपरसोनिक अबॉर्ट टेस्ट कहते हैं। गगनयान के ट्रायल पर इसी बात की जांच की गई। यान को 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर अबॉर्ट किया गया और समुद्र में सही-सलामत लौटाया गया। गगनयान का एक टेस्ट इस बात का भी किया गया कि यान के भीतर दबाव के कारण रखे ऑक्सीजन और नाइट्रोजन सिलैंडरों से कोई लीक तो नहीं हो रहा और क्या सारे उपकरण काम कर रहे हैं या नहीं। खुशी की बात है कि यह ट्रायल पूरी तरह सफल रहा।

गगनयान अभियान की परिकल्पना 2008 में की गयी थी जब इसरो अध्यक्ष जी. माधवन नायर के कार्यकाल में एक यान को भेजकर वापस लाने का प्रयोग किया गया। धरती से ऊपर जाने पर अंतरिक्ष यान का वेग पहले कम रहता है। जिस जगह यह वेग बढ़ता है वहां वायुमंडल का घनत्व कम होता है जिससे घर्षण कम होता है। लेकिन वापसी के समय वायुमंडल में प्रवेश करते हुए वेग काफी अधिक रहता है। इससे घर्षण बहुत होता है जिससे तापमान बढ़ जाता है और ऐसे में यान को बचाना बहुत जरूरी होता है। पहले इस तरह के प्रयोग किये गये। इनके अलावा एक अबॉर्ट टेस्ट भी किया गया। इसमें यह प्रयास किया गया कि यदि किसी वजह से रॉकेट में खराबी आ जाती है तो उसमें बैठे यात्री को किस तरह निकालना पड़ेगा। इस ट्रायल के बाद और भी परीक्षण किए जाएंगे। पूरी तरह संतुष्टघ्होने के बाद ही मिशन गगनयान के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को धरती से 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में भेजा जाएगा जहां तीन दिनों तक अंतरिक्ष यात्री धरती की कक्षा के चक्कर लगाएंगे। इसके बाद इन अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित धरती पर लैंड कराया जाएगा। गगनयान में अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले कैप्सूल को बंगाल की खाड़ी में वापस लैंड किया जाएगा जहां भारतीय नौसेना इन्हें ढूंढकर सुरक्षित बचाएगी। यह पूरी तकनीक स्वदेशी है और इसरो के साथ मिलकर भारत की तकनीकी कंपनियों ने इन्हें विकसित किया है। इसकी सफलता भविष्य में भारत की स्वदेशी स्पेस नेविगेशन, रिमोट सेंसिंग, रिमोट ड्राइविंग, रिमोट नेविगेशन जैसी स्वदेशी तकनीक में नई इंडस्ट्रीज के द्वार खुलेंगे। गगनयान का क्रू मॉड्यूल इतना आधुनिक है कि इसमें कई तरह की खास सुविधाएं हैं। जैसे नेविगेशन सिस्टम, फूड हीटर, फूड स्टोरेज, हैल्थ सिस्टम और टॉयलेट आदि। यह अंतरिक्ष यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित किए गए हैं। अंतरिक्ष में मानव भेजने से पहले इसमें "व्योम मित्रा" नाम की महिला रोबोट को भेजा जाएगा जिसके शरीर पर एयर प्रेशर, हीट इफेक्ट और अन्य चुनौतियों को समझा जाएगा। उसके मुताबिक भारत के अंतरिक्ष यात्रियों को तैयार किया जाना है। मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को बेंगलुरु के एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में खास ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्हें फिजिकल, क्लासरूम, फिटनेस, सिम्युलेटर व फ्लाइट सूट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें भारतीय वायुसेना के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। गगनयान मिशन अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है, इससे भारत की पूरी दुनिया में धाक तो जमेगी ही बल्कि युवा पीढ़ी के घ्लिए भी भारत में रहकर बहुत कुछ करने की सम्भावनाएं सृजित होंगी। अंतरिक्ष के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।




मेष :- आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ खर्च की मात्रा बढ़ेगी। पूंजी-निवेश करते वक्त ध्यान रखें। परोपकार करने में गंवाने की नौबत आएगी। लेन-देन में सावधान रहें।

वृषभ :- आज का दिन आनंद से भरा रहेगा। आय वृद्धि होने में लक्ष्मीजी की कृपा रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद का वातावरण रहेगा। छोटा प्रवास आनंददायी रहेगा।

मिथुन :- शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्नता छाई रहेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में कार्य की प्रशंसा होने से कार्य के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा। सहयोगियों का साथ मिलेगा।

कर्क :- आज भाग्य वृद्धि होने का दिन है। विदेश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। छोटा प्रवास या किसी धार्मिक यात्रा से मन की प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आकस्मिक धन प्राप्ति के योग प्रबल हैं।

सिंह :- स्वास्थ्य के प्रति आज अधिक ध्यान रखें। धन का खर्च भी हो सकता है। आज खान-पान घर का ही करें तो लाभदायी रहेगा। वैचारिक स्तर पर नकारात्मकता छाई रहेगी। उसे दूर करें।

कन्या :- आज का दिन आपके लिए शुभ है। यश कीर्ति प्राप्त होने में सरलता रहेगी। व्यापार के क्षेत्र में भागीदारों के साथ सम्बंधो में सकारात्मकता बढेगी। मित्रों के साथ प्रवास का आनंद ले सकेंगे।

तुला :- आपका स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में लाभ होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च न बढ़ें, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक :- वाद-विवाद में न फंसने की गणेशजी सलाह देते हैं। संतान के विषय में चिंता रहेगी। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता प्राप्त होने से उनके उत्साह में वृद्धि होगी। शेयर में पूंजी-निवेश न करें।

धनु :- मानसिक रूप से आज आप में उत्साह का अभाव रहेगा, जिससे मन में अशांति बनी रहेगी। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा, क्योंकि परिवारजनों के साथ अनबन हो सकती है।

मकर :- मित्रों और परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। किसी पर्यटन स्थल पर प्रवास भी हो सकता है। स्थावर संपत्ति विषयक कार्य आज आप कर पाएंगे। आर्थिक लाभ हो सकता है।

कुंभ :- दुविधा के कारण किसी निश्चित निर्णय लेने में कष्ट होगा। निरर्थक खर्च से बचें। वाणी पर संयम न रखने से परिवारजनों के साथ अनबन होने की संभावना है। कार्य सफलता में विलंब आएगा।

मीन :- शारीरिक और मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य प्रसन्नता से भरा रहेगा। उत्साहपूर्ण वातावरण होने से नए कार्य का प्रारंभ करने की प्रेरणा मिलेगी। पारिवारिक वातावरण में सुख-शांति बनी रहे।

# राहुल-सत्यपाल वार्ता से उभरती सियासी तस्वीर

**पाठक**

> *जो राजनैतिक घटनाक्रम जमीन पर होता दिख रहा है और उसके मुताबिक लोग जो सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगा रहे हैं, वैसा होने जा रहा है। सत्यपाल मलिक द्वारा राहुल की इस बात के लिये तारीफ करना भी वे (राहुल) निस्वार्थ भाव से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं।*

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का बुधवार को लिया गया साक्षात्कार अगर जमकर वायरल हो रहा है तो सिर्फ इसलिये नहीं कि इससे कई नये खुलासे हुए हैं और कुछ पुराने तथ्यों की पुष्टि हुई है, वरन इसलिये भी कि वह देश की भावी राजनैतिक तस्वीर को भी बयां कर रहा है। दोनों ही दो अलग-अलग पीढ़ियों तथा एकदम भिन्न किस्म की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन दोनों के बीच कुछ समानताएं भी हैं जो इस बातचीत को महत्वपूर्ण बनाते हैं। सबसे बड़ी समानता तो यह है कि दोनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेखौफ लड़ रहे हैं और मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का जमकर विरोध कर रहे हैं।राहुल के एक सवाल के जवाब में मलिक का यह कहना कि श्चुनाव में सिर्फ 6 महीने रह गये हैं। मैं लिखकर दे रहा हूं कि अब मोदी सरकार नहीं आयेगी,श इस बात की पुष्टि करता है कि जो राजनैतिक घटनाक्रम जमीन पर होता दिख रहा है और उसके मुताबिक लोग जो सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगा रहे हैं, वैसा होने जा रहा है। सत्यपाल मलिक द्वारा राहुल की इस बात के लिये तारीफ करना भी वे (राहुल) निस्वार्थ भाव से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं, एक तरह से पुरानी पीढ़ी के एक ईमानदार नेता द्वारा राहुल के संघर्ष का गौरवगान है। मलिक ने पुलवामा के उस घटनाक्रम को एक बार फिर दोहराया जिसमें 14 फरवरी, 2019 को सड़क मार्ग से जा रहे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गये थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल मलिक ने साफ किया था कि यह सरकार की गलती से हुआ है क्योंकि सीआरपीएफ द्वारा उन्हें ले जाने के लिये हवाई जहाज मांगे गये थे जो मुहैया नहीं कराये गये थे। इसके चलते उन्हें सड़क मार्ग से ले जाया गया था। रास्ते में कोई सुरक्षा नहीं थी जो अमूनन ऐसे काफिले के गुजरने के वक्त की जाती है। मलिक ने पहले की तरह फिर से बताया कि उस वक्त मोदी जिम कार्बेट पार्क में शूटिंग कर रहे थे। बाद में जब उनसे और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात हुई तो उन्हें चुप रहने को कहा गया था। राहुल ने भी बताया कि पहले उन्हें भी एयरपोर्ट पर लाये गये शहीदों के शवों को श्रद्धांजलि के लिये जाने से मना किया गया था। बाद में हवाई अड्डे पर उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था। राहुल ने आशंका जताई कि इस खुलासे के बाद मलिक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच हो सकती है, मलिक ने कहा कि वे इसकी परवाह नहीं करते। बातचीत में दोनों नेताओं का एक दूसरे के लिये आदर साफ झलक रहा था। राहुल ने जब उनके राजनैतिक कैरियर की शुरुआत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जरिये वे इसमें आये थे। जब राहुल ने चरण सिंह की शख्सियत के बारे में जानना चाहा तो मलिक का कहना था कि वे सरल व ईमानदार व्यक्ति थे। उल्लेखनीय है कि 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार करीब ढाई वर्ष चलकर गिर गई थी तब कांग्रेस के समर्थन से चौधरी पीएम बने थे- केवल 5 माह के लिये। इंदिरा गांधी द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उनका आरोप था कि इंदिरा उनके खिलाफ आपातकाल संबंधी मामलों को समाप्त करने का दबाव डाल रही थी। उन्होंने दबाव में आने की बजाय त्यागपत्र देना बेहतर समझा था। देश के संसदीय इतिहास के इन काले पन्नों के बावजूद राहुल और सत्यपाल में इसे लेकर कोई कड़वाहट नहीं दिखी। दोनों ने चरण सिंह को लेकर सहजतापूर्वक बातचीत की। राहुल ने उनसे यह जानना चाहा कि लोग पद पाने के लिये इतने लालायित क्यों होते हैं, मलिक ने कहा कि राजनीति पहले देश सेवा थी जो अब व्यवसाय बन गई है। उन्होंने राहुल की इसलिये तारीफ की कि वे ऐसे वक्त में एक अपवाद है जो उन्हें सबसे अलग बनाता है। दोनों के बीच किसान आंदोलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, जातिगत जनगणना आदि को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई जिसमें दोनों नेताओं के बीच वैचारिक समानता दिखाई पड़ी जो इस बात के संकेत हो सकते हैं कि भविष्य में दोनों को एक दूसरे का साथ मिलता रहेगा। अगर ऐसा होता है तो यह मोदी और भाजपा के लिये ज्यादा मुश्किलों वाले दिन हो सकते हैं क्योंकि ये दोनों (राहुल-सत्यपाल) मोदी सरकार के कट्टर आलोचक हैं। जहां एक ओर राहुल मोदी राज के कथित भ्रष्टाचार, खासकर प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ संबंधों पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं, उसी तज'पर मलिक भी कह चुके हैं कि केन्द्र द्वारा लाये गये तीन कृषि कानून, जो किसानों के विरोध के चलते सरकार को वापस लेने पड़े थे, अदानी के लाभ के लिये ही लाये गये थे। राहुल-सत्यपाल के बीच का यह वार्तालाप न केवल कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन के भविष्य में और मजबूत होने की ओर इशारा करता है वरन यह भी बतलाता है कि कई दलों के साथ रहने के बावजूद अपनी ईमानदारी के कारण सम्मानित सत्यपाल मलिक जैसे नेता लोकसभा चुनावों के वक्त खुले आम कांग्रेस-इंडिया का साथ देकर प्रतिपक्ष को और मजबूती प्रदान करेंगे।

## वीमेंस एशिया हॉकी चैंपियनशिप: कोरिया ने चीन को1-0 से हराया

**रांची।** झारखंड वीमेंस एशिया हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 का दूसरा मैच चीन और कोरिया के बीच शुरू हुई। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ में आयोजित मैच के मुख्य



अतिथि रामेश्वर उरांव, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने संयुक्त रुप से उद्घाटन किया। 18 वें मिनट में कोरिया ने चाइना पर 1-0 की बढ़त बनायी। कोरिया ने पहले पेनाल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए एएन सुजिन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।

मैच के क्रम में चीन को 10 पेनाल्टी शूट आउट का मौका मिला, लेकिन इस मौके का फायदा उठाने में टीम असफल रही, तीसरे क्वाटर में भी कोरिया 1-0 से आगे रही। जबकि आखिरी मिनट तक चीन गोल के लिए संघर्ष करती दिखी, लेकिन चीन ने इस मैच को काफी आक्रामक तरीके से खेला। इसके बाद भी कोरिया ने 1-0 से मैच जीत लिया।

## बाबर आजम का अजब बयान- अगले 3 मैच हम पाकिस्तन के लिए खेलेंगे

**चेन्नई।** क्रिकेट विश्व कप में पहले 2 मुकाबले जीतकर छाई पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब लगातार 4 मुकाबले गंवाकर टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद अहम मुकाबला उन्होंने एक विकेट से गंवा दिया। मैच के दौरान पाक गेंदबाजों की दिशाहीन गेंदबाजी और अंपायरिंग पर भी सवाल उठे।



बहरहाल, मैच के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने इस पर बात की। उन्होंने कहा कि हम जीत के बेहद करीब थे लेकिन हमारा अंत अच्छा नहीं रहा। पूरी टीम के लिए बेहद निराशाजनक क्षण है। हमने उनका बहुत अच्छी तरह से मुकाबला किया था। बाबर ने कहा कि मुझे लगता है कि बल्लेबाजी करते हुए हम 10-15 रन कम रह गए। तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने अच्छा संघर्ष किया लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका। यह खेल का हिस्सा है। डीआरएस भी खेल का हिस्सा है। अगर आऊट हो जाता तो इससे हमें फायदा होता। हमारे पास यह मैच जीतने और दौड़ में बने रहने का अवसर होता लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम अगले 3 मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और पाकिस्तान के लिए खेलेंगे। देखते हैं उसके बाद हम कहां खड़े होंगे।

## दक्षिण अफ्रीका 1 विकेट से जीता, पाकिस्तान सेमिफाइनल की रेस से बाहर !

**चेन्नई ।** चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 1 विकेट से हरा दिया। इससे पहले पाकिस्तान ने बाऊंस बैक करते हुए मजबूत नजर आ रही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 270 रन बनाने में सफलता हासिल की थी। बाबर आजम और सऊद शकील अर्धशतक जड़ने में सफल रहे। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान ऐडन मार्करम का सहारा मिला जिन्होंने 91 रन बनाए लेकिन उनका विकेट गिरते ही दक्षिण अफ्रीका मुश्किल में आ गई। पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों ने अंत के ओवरों में किफायती गेंदबाती की और विकेट भी चटकाए लेकिन 10वें विकेट के लिए तबरेज शम्सी और केशव महाराज ने जरूरी रन बनाकर पाकिस्तान की सेमीफाइनल में जाने की उम्मीदों को तोड़ दिया। पाकिस्तान की हार की वजह उनकी दिशाहीन गेंदबाजी भी रही। उनके 6 गेंदबाजों ने कुल 15 वाइड गेंदें फेंकीं। अंत के ओवरों में पाकिस्तान किफायती गेंदबाजी कर रहा था। अफ्रीकी बल्लेबाज बल्ले से रन बनाने में संघर्ष कर रहे थे लेकिन पाकिस्तानी गेंदबाजी ने कई वाइड फेंककर मैच गंवा दिया। पाकिस्तान के लिए इफ्तिखार अहमद ने 5, शाहीन अफरीदी ने 3, हैरिस राऊफ ने 2, मोहम्मद वसीम जूनियर ने 4 तो उसमा मीर ने 1 वाइड गेंद फेंकी।

## इस पूरे वर्ष मैंने जितने भी रन बनाए, उनसे कहीं अच्छे मेरे ये 4 रन थे : तबरेज़ शम्सी

**चेन्नई।** पाकिस्तान के खिलाफ पहले गेंद और फिर आखिरी में अपने बल्ले से महत्वपूर्ण छोटी से पारी खेल अपनी टीम को मैच जीताने वाले दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज तबरेज़ शम्सी ने खेल को बेहतर बनाने का श्रेय अपनी टीम के साथियों को दिया। तबरेज़ ने मैच में पहले महत्वपूर्ण 4 विकेट लिए और उसके बाद केशव महाराज के साथ मिलकर 11 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। शम्सी ने 4 रनों की नाबाद पारी खेली।

मैच के बाद शम्सी ने कहा कि उनके नाबाद चार रन संभवतः इस पूरे वर्ष में उन्होंने जितने भी रन बनाए, उनसे कहीं अच्छे हैं और ये सही समय पर आए। शम्सी ने कहा, कभी-कभी यह



आपके लिए सही होता है, कभी-कभी ऐसा नहीं होता। मैं टीम को जीत दिलाने में मदद करने में सक्षम होने से खुश था, लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि मैं अपने बल्ले के साथ ऐसा कर पाऊंगा।

लक्ष्य का पीछा करने के दबाव को झेलने के मामले में, शम्सी ने वह लड़ाई दिखाई जिसकी उनकी टीम को आवश्यकता थी, और कहा कि ऐसे कठिन मैचों को जीताना वास्तव में अच्छा लगता है।

उन्होंने कहा, ये ऐसे क्षण हैं जिनके लिए आप प्रशिक्षण लेते हैं, आप बड़ा मंच चाहते हैं। केश वहां अविश्वसनीय था, और लुंगी [एनगिडी] भी उससे पहले था। अगर मैंने तब कोई बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और वह नहीं आया, तो लड़के मुझे चेंज-रूम में वापस स्वागत नहीं करेंगे। इसलिए मेरे मन में कभी कोई संदेह नहीं था कि मैं बड़ा शॉट नहीं खेल पाऊंगा।'

## रोत्तोलन में वंदना ने जीता स्वर्ण, खेल प्रेमियों में खुशी

**लखनऊ।** गोवा में चल रहे नेशनल गेम्स में प्रदेश की बेटी वंदना गुप्ता ने भारोत्तोलन में गोल्ड जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पंजाब की हरप्रित कौर को मात देकर वंदना ने 76 किलो भार वर्ग में गोल्ड पर कब्जा जमाया। उसको गोल्ड मिलने की खबर लगते ही लखनऊ के खेल प्रेमी खुशी से झूम उठे। वंदना गुप्ता ने 76 किलो भार वर्ग में हिस्सा लिया था। महिलाओं की इस भारोत्तोलन प्रतियोगिता में वंदना ने 207 किलो का भार उठाया, जबकि हरमन प्रित ने 193 किलो भार वर्ग ही उठा सकीं। वहीं मणीपुर की संजरामबाम चानू 192 किलो भारवर्ग उठाकर तीसरे स्थान पर रहीं। वंदना की इस कामयाबी



पर बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि वंदना निश्चय ही भारत का नाम रोशन करेगी। उत्तर प्रदेश की वंदना गुप्ता ने 2012 में भी जूनियर राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 63 किलो भार वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने उस समय नेहरू स्टेडियम ऑडीटोरियम में खेली गयी चैंपियनशिप में कुल 190 किलो का भार उठाया था। वंदना गुप्ता का जन्म लखनऊ में हुआ था।

## यह चुनाव आप के भविष्य का है, जो गारंटी वचन दिये है वह निभायेंगे प्रियंका गांधी

पुष्पांजली टुडे



दमोह। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का हेलीकाफ्टर द्वारा निर्धारित समय पर दमोह आगमन हुआ। हैलीपेड से सभा स्थल तक कई स्थानों किल्लाई नाका, जिला कांग्रेस कार्यालय बस स्टेण्ड घंटाघर पर बड़ी संख्या में फूल वर्षा कर उनका स्वागत किया गया घंटाघर स्थित गांधी प्रतिमा, अंबेडकर चौक पर उन्होंने बाबा साहब को नमन किया। श्रीमती प्रियंका गांधी ने महाराणा प्रताप स्थित ग्राउण्ड पर आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 18 वर्षो से जो काम भाजपा ने नहीं किया वह चुनाव के दो महीने पहले महिलाओं के खाते में रूपये डालकर पुनः सत्ता में आने का सपना देख रहे है किंतु उन्हें मालूम होना चाहिये कि आज की नारी जागरूक है वह भाजपा के दोहरे चरित्र को जान चुकी है इन्होंने नौजवानों के रोजगार के साथ छलावा किया है खाने की वस्तुए, प?ाई की कापी किताबो तक पर जीएसटी लगा दी। चुनाव आते ही यह लोग धर्म और जाति की राजनीति करने लगते है। यह चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि शिवराज जैसी नौटंकी करना और झूठी घोषणायें करना उन्हें नहीं आता वह जो कहते है वह करके दिखाते है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि कमलनाथ जी ने जिले की चारों सीटो दमोह से अजय टंडन, जबेरा से प्रताप सिंह, पथरिया से राव बृजेन्द्र सिंह, हटा से प्रदीप खटीक को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित किया है वह सभी सहज सरल एवं जमीनी कार्यकर्ता है और वह इस मंच से विश्वास के साथ कहते है चारो प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा में भेजेगें। विधायक अजय टंडन ने कहा कि बुंदेलखण्ड के दमोह में आकर उन्होनें शंखनाद किया है और यहां का उनका पहला दौरा है इंद्रिरा जी जैसा व्यक्त्वि रखने वाली प्रियंका जी का भाषण सुनने हजारों की संख्या में व्यक्ति और उतनी भारी संख्या में महिलाएं आई। कार्यक्रम का संचालन सीपी मित्तल ने किया। राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव कमलकांत शर्मा सभा प्रभारी सुधांसु द्विवेदी, श्रीराम पारासर, सुरेश पचौरी, रंजीता गौरव पटेल, मंजु वीरेन्द्र राय, मनु मिश्रा, मानक पटेल, सतीश जैन, मनीषा दुबे, रूद्रप्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, सुषमा विक्रम ठाकुर, राशु चौहान, रोहन पाठक, राजा राय, राजेश तिवारी, संजय चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, मंजीत यादव, बबलू भट्ट, रोहन पाठक, राजा राय, राजेश तिवारी, संजय चौरसिया, पारूल टंडन, पवन गुप्ता, शिवम राय, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, केके वर्मा, भूपेन्द्र आजवानी, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, अनिल जैन, अखिल टंडन, बृजेश पटेल, अमर सिंह सहित मंडलम सेक्टर प्रकोष्ठ सहित जिले के कांग्रेसजनों एवं आमजनता की उपस्थिति रहीं।

## हम विश्वास के साथ नहीं कह सकते कि लक्ष्य का पीछा करते समय हमारे पास कोई योजना है : बावुमा

**चेन्नई।** पाकिस्तान को 1 विकेट से हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका विश्व कप तालिका में शीर्ष पर है और शीर्ष चार में जगह बनाने की ओर मजबूती से अग्रसर है, लेकिन उनके कप्तान तेम्बा बावुमा ने स्वीकार किया कि रन-चेज़ के प्रति उनका दृष्टिकोण चिंता का विषय है, जिसके बारे में बातचीत की जाएगी।

दक्षिण अफ्रीका अब तक टूर्नामेंट में दो अलग-अलग चरित्रों वाली टीम रही है। पहले बल्लेबाजी करते समय, वे आक्रामक रहे हैं, उन्होंने श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और बांग्लादेश पर चार शानदार जीतों में 428, 311, 399 और 382 के कुल योग बनाए हैं।

बावुमा ने मैच के बाद कहा, यह रोमांचक अंत था। जाहिर है, यदि आप दक्षिण अफ्रीकी प्रशंसक हैं, तो आप परिणाम से थोड़ा अधिक खुश हैं। उन्होंने कहा, बल्लेबाजी के साथ, जाहिर तौर पर हम पर लक्ष्य का पीछा करने का दबाव था और हमने इसे सुधारने के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। हम जाहिर तौर पर बातचीत करेंगे, लेकिन अब जीत के साथ बातचीत करना आसान हो जाएगा। लेकिन ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हमने ऐसा करके खेल को उस मुकाम तक पहुंचाया। जिस आसानी से दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी करते हुए डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहा है, उसे देखते हुए, उनके पतन के तरीके को उनके प्रतिद्वंद्वियों ने नोटिस किया होगा - कम से कम उनके अगले दो विरोधियों, न्यूजीलैंड और भारत ने।

पाकिस्तान के खिलाफ डगमगाहट तब शुरू हुई जब डेविड मिलर, 32 गेंदों में 29 रन बनाकर, शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर आउट हुए। शाहिन ने अपने दस ओवरों में 45 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके बाद मार्को जानसन ने जोरदार सीधा छक्का लगाने के एक गेंद बाद हारिस राउफ की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 14 गेंदों पर 20 रन बनाए। बावुमा ने कहा, जो लोग दबाव की स्थिति में थे, उन्हें




वास्तव में बोलना होगा कि वे भावनाओं के संदर्भ में, अपने गेम-प्लान के संदर्भ में क्या सोच रहे थे। अभी यह कहना मुश्किल है, मैं अभी भी जीत का आनंद ले रहा हूं, लेकिन ये बातचीत होती रहेगी।

उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमने बात की है, यह स्पष्ट रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में चर्चा की गई है। पहले बल्लेबाजी करते समय हमारे पास स्पष्ट रूप से एक खाका होता है, और हमने स्कोर के संदर्भ में यह दिखाया है कि हम बड़ा स्कोर पोस्ट करने में सक्षम हैं। लेकिन हम विश्वास के साथ यह नहीं कह सकते कि जब हम पीछा कर रहे होते हैं तो हमारे पास ब्लूप्रिंट होता है। हम फिर से इस स्थिति में आने वाले हैं, यह मुझे पता है, और हम स्पष्ट रूप से बल्ले से बहुत अधिक नैदानिक प्रदर्शन दिखाना चाहते हैं। फिर भी, एक जीत एक जीत है, और बावुमा ने स्वीकार किया कि ड्रेसिंग रूम में दृश्य काफी शानदार था, जिसमें एक अप्रत्याशित ऑलराउंडर की भूमिका निभाने के बाद लोग शम्सी को उठा रहे थे। पाकिस्तान की पारी में शम्सी के चार विकेटों में बाबर आज़म (50 रन) का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल था, और अंत में, छह गेंदों में उनका नाबाद चार रन टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ।

बावुमा ने कहा, मैं शम्सी के लिए बहुत खुश हूं। इसकी शुरुआत गेंद से हुई, वह उन परिस्थितियों में आए जो उनके पक्ष में थीं और उन्होंने उनका फायदा उठाया, और फिर बल्ले से... आपने शम्सी को सोशल मीडिया पर अपनी बल्लेबाजी का बखान करते हुए देखा होगा। हमें आज इसकी जरूरत थी। सौभाग्य से हमारे लिए , वह आ गया, लेकिन हम संभवतः दो सप्ताह तक उसके बारे में सुनना बंद नहीं करेंगे। पाकिस्तान पर मिली 1 विकेट की जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है, जबकि हार के बाद पाकिस्तान की टीम लगभग विश्व कप से बाहर हो चुकी है, हालांकि अभी भी बाकी तीन बचे मैच जीतने पर पाकिस्तान के लिए कुछ संभावना बन सकती है।

## दो बार पिछड़ने भारत की शानदार वापसी, पाकिस्तान को ड्रा पर रोका

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** गत चैंपियन भारत ने दो बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में यहां 3-3 से ड्रॉ पर रोका।

भारत की तरफ से अमनदीप लाकड़ा (30वें मिनट), आदित्य अर्जुन लालेज (56वें) और उत्तम सिंह (59वें) ने गोल करके टीम के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। पाकिस्तान के लिए अरबाज अहमद (31वें, 58वें) और अब्दुल शाहिद (49वें) ने गोल किए। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में दोनों टीमों ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया। दिसंबर में मलेशिया में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले यह टूर्नामेंट सभी टीमों के लिए कड़ी परीक्षा होगा। भारत को गोल करने का पहला मौका 12वें मिनट में मिला लेकिन अंगद बीर सिंह का शॉट निशाने पर नहीं लगा। पहले क्वार्टर में दोनों टीम ने बहुत अधिक आक्रामकता नहीं दिखाई



लेकिन उनका रक्षण अच्छा रहा। पाकिस्तान ने दूसरे क्वार्टर में दमदार शुरुआत की और पहले मिनट में ही पेनल्टी हासिल की लेकिन भारतीय टीम ने उसका अच्छा बचाव किया। भारत को भी इसके बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।

ड्रैग फ्लिकर अमनदीप ने हालांकि मध्यांतर से ठीक पहले भारत को बढ़त दिला दी लेकिन छोर बदलने के बाद पहले मिनट में ही अबराज अहमद ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद हमलावर तेवर अपनाए। पूवाना बॉबी चंदूरा ने 39वें मिनट में गोल पर अच्छा शॉट लगाया लेकिन पाकिस्तानी गोलकीपर अली रजा ने उसे बचा लिया। तीसरे क्वार्टर के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। पाकिस्तान के कप्तान अब्दुल शाहिद ने 49वें मिनट में भारतीय गोलकीपर मोहित को छकाकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारत ने इसके एक मिनट बाद पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह उसे गोल में नहीं बदल पाया। जब खेल समाप्त होने में पांच मिनट का समय बचा था तब भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर आदित्य ने रिबाउंड पर गोल किया। अरबाज ने हालांकि जल्द ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पाकिस्तान को फिर से आगे कर दिया। उत्तम ने अंतिम हूटर बजने से एक मिनट पहले मैदानी गोल करके भारत को बराबरी दिलाई।

## फीडे ग्रांड स्विस शतरंज -अर्जुन की लगातार दूसरी जीत, करूआना हुए 2800 के पार

**डगलस।** फीडे ग्रांड स्विस में दूसरे राउंड में भारत के अर्जुन एरिगासी नें लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए सयुंक्त बढ़त बना ली है । अर्जुन के अलावा यूएसए के टॉप सीड करूआना फबियानों, रूस के आन्द्रे एसीपेंकों नीदरलैंड के एमी इर्विन ,सर्बिया के अलेक्सी सराना और अलेक्ज़ेंडर प्रेडके और कजाकिस्तान के रमज़ान ज़्हलमखनोव अपने दोनों मैच जीतने में सफल रहे है ।

दूसरे दिन अर्जुन का सामना स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी डेविड अंटोन से था और काले मोहरो से खेलते हुए इंग्लिश ओपनिंग में 40 चालों में जीत दर्ज की । दूसरा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में करूआना नें हमवतन नीमन हंस मोके को , प्रेडके नें पोलैंड के यान डूड़ा को ,एर्विन नें स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव को एसीपेंकों नें कजाकिस्तान के रीनात जुमाब्येव को , सराना नें इंग्लैंड के रॉयल श्रेयस को और रमज़ान नें मिश्र के अमीन बासेम को




पराजित किया । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में एसएल नारायनन नें उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से ,अरविंद चितांबरम नें यूएसए के सेमुयल सेवियन से , रौनक साधवानी नें यूएसए के हिकारु नाकामुरा से , डी गुकेश नें उक्रेन के रुसलान पोनोमरियोव से , प्रज्ञानन्दा नें रूस के मुरजिन वोलोदर से,आर्यन चोपड़ा नें जर्मनी के विन्सेंट केमर से, निहाल सरीन नें अदयीन सुलेमानली से बाजी ड्रॉ खेली । महिला वर्ग में दिव्या देशमुख को टॉप बोर्ड पर चीन की पूर्व विश्व चैम्पियन तान ज़्होंगाई से हार का सामना करना पड़ा जबकि आर वैशाली नें नीदरलैंड की एलिन रोबर्स से , हरिका द्रोणावल्ली नें हंगरी होंग त्रांग से , तानिया सचदेव नें जर्मनी की दिनारा वैगनर से बाजी ड्रॉ खेली । जबकि सविता श्री को बुल्गारिया की अंटोनेता स्टेफ्नोवा से तो वन्तिका अग्रवाल को इन्डोनेशिया की औलिया मेडिना से हार का सामना करना पड़ा ।

### पाक की हार : अंपायरिंग पर भड़के दिग्गज क्रिकेटर, हरभजन बोले- बदलो इस नियम को

**चेन्नई।** क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत चेपाक के मैदान पर खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान को दक्षिण अफ्रीका के हाथों एक विकेट से हार झेलनी पड़ी। पाकिस्तान की हार की एक वजह खराब अंपायरिंग भी बनी। कई क्रिकेटर दिग्गजों ने मैच के दौरान हुई अंपायरिंग को जीत हार का बड़ा कारक बताया। भारतीय स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह ने ट्वीट कर लिखा- खराब अंपायरिंग और खराब नियमों के कारण पाकिस्तान को यह मैच गंवाना पड़ा। आईसीसी इस नियम को बदलना चाहिए..

## टूटे रिकॉर्ड : विश्व कप को अब तक 364.2 मिलियन दर्शकों ने देखा, भारत-पाक मुकाबला टॉप पर

**मुंबई ।** आईसीसी विश्व कप का मौजूदा संस्करण दर्शकों के मामले में भी नए आयाम स्थापित कर रहा है। आईसीसी के अनुसार क्रिकेट विश्व कप का लुत्फ अब तक 364.2 मिलियन दर्शक टीवी स्क्रीन पर उठा चुके है जबकि मोबाइल एप डिज्नी+हॉटस्टार पर भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच खेले गए मुकाबले को चार करोड़ 30 लाख रिकार्ड दर्शकों ने देखा था। यही नहीं स्टेडियम पर क्रिकेट का मजा लेने वाले दर्शकों की संख्या में भी भारी इजाफा देखा जा रहा है। 5 अक्टूबर से शुरु होकर19 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में ग्लोबल ब्रॉडकास्ट पाटर्नर डिज्नी स्टार के जरिए भारत में प्रशंसकों ने पहले से कहीं विश्व कप क्रिकेट का आनंद लिया है। पहले 18 टूर्नामेंट मैचों के लाइव प्रसारण ने 123.8 बिलियन व्यूइंग मिनट देखे हैं, जो 2019 में पिछले संस्करण की तुलना में 43 फीसदी अधिक है। विश्व कप में 364.2 मिलियन दर्शकों ने टूर्नामेंट के पहले 18 मैचों के लाइव प्रसारण को देखा। भारत और पाकिस्तान के बीच 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेले गए ऐतिहासिक मुकाबले को टेलीविजन पर 76 मिलियन और डिजिटल पर 35 मिलियन दर्शकों ने देखा। वहीं 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की भिड़ंत ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में बना गए डिजिटल कॉनकरेंसी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

# हनुमना में जिला शिक्षा एवं जनपद शिक्षा विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही अधिकारी कर रहे नदरअदाज

## निर्धारित मापदंड के विपरीत चल रहे निजी स्कूल मान्यता मिडिल तक लेकर संचालित कर रहे हाई स्कूल तक कर रहे संचालित, हनुमना में निजी विद्यालय बना लूट का अड्डा

पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)

मऊगज। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा बेहतर शिक्षा के लिए बड़े-बड़े प्रयास कर रहे है जैसे छात्रों को सरकारी विद्यालय में सभी परिवार सभी वर्ग के छात्र छात्राए शिक्षा आसानी से प्राप्त हो सके लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी एव जनपद शिक्षा केन्द्र के अधिकारी के द्वारा पैसा लेकर निजी विद्यालय को मान्यता दे दी जाती हैद्य जब अधिकारी के निजी विद्यालय को मान्यता दे दी जाती तो वहा पर निजी विद्यालय के संचालक के द्वारा विद्यालय को व्यापार एवं लूट का अड्डा बना लिया जाता हैद्य और आपको बता दे कि मध्यप्रदेश का 53वा जिला मऊगज जिल मे निजी निजी विद्यालय संचालित हो रही हैद्य लेकिन निजी विद्यालय संचालक कि लापरवाही के द्वारा उन विद्यालय में पढ रहे सभी वर्गो के परिवार के बच्चों एवं उनके माता-पिता को निजी विद्यालय के संचालक कि लापरवाही भुगतना पड़ रहा है बच्चों के माता पिता को वही पर निजी विद्यालय के संचालक के द्वारा आनलाइन एवं जनपद शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों कि मिलीभगत से आठवी कि मान्यता लेकर हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्डी तक कर रहे संचालन जहा बात कि गलत जानकारी एवं बच्चे के माता पिता को भ्रम में जालकर देकर बच्चों का प्रवेश अपने विद्यालय में ले लिया जाता हैद्य और अगर बात कि जाए तो मऊगज ब्लाक एवं हनुमना ब्लाक में अत्यधिक हो रही संचालित इसके अलावा मऊगज जिले के अत्यधिक विद्यालय बिना मान्यता के हाई स्कूल हायर सेकेन्डी तक हो रही संचालित बात कि जाए मान्यता 8वी तक लेकर हायर सेकेन्डी एवं हाई स्कूल तक हो रहा संचालन जो शिक्षा विभाग के जिम्मेदार के द्वारा कोई कार्यवाही नही कि जा रही पूरी तरह अगर देखा जाए तो अभिवावको के आख में धूल धोका जा रहा हैद्य उल्लेखनीय है मऊगज जिले के हनुमना जनपद शिक्षा केन्द्र के अतर्गत जितनी भी निजी विद्यालय उनका जाच का विषय बनता हैद्य निर्धारित मापदंड को पूरा किए बिना संचालन हो रही निजी विद्यालय शिक्षा विभाग के इनको पूरी तरह नदरअदाज कर दिया हैद्य और बिना सुविधाजनक के विद्यालय हो रही संचालन किया जा रहा हैद्य हनुमना मऊगज सहित नईगढी के कई निजी विद्यालय स्थित है जहा 80 से 90 फीसदी विद्यालय निजी संचालन मऊगज जिले में संचालन हो रही हैद्य निर्धारित मापदंड को पूरा किए बिना नियम के हो रहे संचालन सीमित रुम में विद्यालय संचालन हो रही हैद्य अच्छी शिक्षा के नाम पर निजी विद्यालय के संचालक क द्वारा अभिवावको से मनमानी ?ीस वसूला जा रहा हैद्य विद्यालय में बच्चों के लिए खेल के लिए मैदान तक नही हैद्य प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय स्कूल कि मान्यता को लेकर हाई स्कूल का शिक्षा दी जाती हैद्य विद्यालय में छात्रों के लिए शुद्ध पानी कि व्यवस्था भी नही कि गयी हैद्य अभिवावको को धूल धोक कर हाई स्कूल तक संचालन हो रही हैद्य हनुमना नगर में 8 वी तक कि मान्यता लेकर हाई स्कूल तक हो रही संचालन जहा आपको बता 8 वी तक कि मान्यता लेकर हाई स्कूल तक हो रही संचालन निजी विद्यालय के संचालक के द्वारा अभिवावको के आख में धूल धोका जा रहा है पाती. प्रतापगन्ज.अर्जुनपुर .खटखरी शाहपुर. पहाडी .मऊगज में मिडिल तक कि मान्यता लेकर हाई स्कूल तक हो रहा संचालन।

## पुलिस इंस्पेक्टर की लव स्टोरी में 376 का मोड़ आया सीहोर थाने में एफआईआर

### मऊगंज एसपी बीरेंद्र जैन ने कोतवाली टी आई गिरीश धुर्वे को किया लाइन अटैच

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
पुष्पेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ मऊगंज




रीवा जिले मऊगंज थाना में पदस्थ पुलिस इंस्पेक्टर गिरीश धुर्वे की लव स्टोरी में नया मोड़ आ गया है उनकी कथित पत्नी ने उनके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज करवा दिया है इस मामले में इंस्पेक्टर धुर्वे के पुत्र ईशान धुर्वे को भी आरोपी बनाया गया है पुलिस इंस्पेक्टर श्री गिरीश धुर्वे सीहोर पुलिस थाने के प्रभारी थे इंस्पेक्टर गिरीश दुबे ने एक मामले में एक महिला के घर आकर बयान दर्ज किया इसके बाद वह किसी न किसी बहाने से अक्सर महिला के घर आने लगे महिला ने बताया कि एक दिन जब वह अचानक घर आए तब घर पर कोई नहीं था इंस्पेक्टर गिरीश धुर्वे ने उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाएं और फिर शादी का वादा करके शिकायत करने से रोक दिया इंस्पेक्टर गिरीश धुर्वे उसे अपने सरकारी क्वार्टर में बुलाते थे इसी दौरान इंस्पेक्टर गिरीश दुबे के नौकर ने बताया कि वह शादीशुदा है महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि जब इस बात का विरोध किया तो इंस्पेक्टर गिरीश धुर्वे सर्विस रिवॉल्वर निकालकर उसकी गर्दन में अड़ा दिया और एक कोर स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिया इसी विवाद के दौरान इंस्पेक्टर के पुत्र ईशान धुर्वे ने उसके घर जाकर उसे धमकी दी अपने पिता की सर्विस रिवॉल्वर दिखाकर उसको धमकाया सीहोर थाना पुलिस ने इंस्पेक्टर गिरीश धुर्वे के खिलाफ महिला से बलात्कार एवं उनके पुत्र ईशान धुर्वे के खिलाफ महिला के धमकाने का मामला दर्ज कर लिया है।

## थाना लौर पुलिस ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले पर की कार्यवाही

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
गौरव सिंह सेगर रिपोर्टर मऊगंज




घटना का विवरण आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के चलते प्रभावशील आदर्श आचार संहिता को लागू करने हेतु उड़न दस्ता निगरानी दल विधानसभा 72 देवतालाब के भ्रमण दौरान पिकअप वाहन एमपी 17 त 0863 को रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र 72 देवतालाब द्वारा जारी अनूपजप्त कर उल्लंघन कर बहन के केवल में 7/2 फीट होल्डिंग लगाकर कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रचार करते हुए पकड़ा गया है जिसके विरुद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण धारा 188 भारतीय दंड विधान के तहत कार्यवाही करते हुए बहन को जप्त किया जाकर थाना में खड़ा कराया गया है एवं निगरानी दल की सूचना पर थाना में अपराध क्रमांक 401/ 2023 धारा 188 ता ही पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया है जपती मसरूका पिकअप वाहन क्रमांक स्क्ष17 त 0863 जप्त किया सराहनी भूमिका उड़न दस्ता निगरानी दल विधानसभा क्षेत्र 72 देवतालाब प्रभारी डॉ राजेश कुमार तिवारी एवं उनकी टीम का सराहनीय कार्य रहा।

## विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने का अंतिम दिन आज

रीवा।. विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रीवा एवं मऊगंज जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों 30 अक्टूबर को नामांकन भरने का अंतिम दिन है। विधानसभा क्षेत्र 68 सिरमौर, 69 सेमरिया, 70 त्योंथर, 73 मनगवां, 74 रीवा तथा 75 गुड़ के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में दाखिल किए जा रहे हैं। पुराने कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक एक में विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, कक्ष क्रमांक 2 में विधानसभा क्षेत्र सेमरिया, कक्ष क्रमांक 3 में विधानसभा क्षेत्र त्योंथर, कक्ष क्रमांक 15 में विधानसभा क्षेत्र गुड़, कक्ष क्रमांक 23 में विधानसभा क्षेत्र मनगवां तथा कक्ष क्रमांक 26 में विधानसभा क्षेत्र रीवा के नामांकन रिटर्निंग आफीसर द्वारा लिए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र 71 मऊगंज तथा 72 देवतालाब के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में दाखिल किए जा रहे हैं। मऊगंज कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 3 में विधानसभा क्षेत्र देवतालाब तथा कक्ष क्रमांक 7 में विधानसभा क्षेत्र मऊगंज के लिए नामांकन रिटर्निंग आफीसर द्वारा लिए जा रहे हैं। नामांकन पत्र विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित किए गए रिटर्निंग ऑफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष दाखिल किए जा रहे हैं। नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार एवं चार अन्य व्यक्तियों को ही रिटर्निंग आफीसर कक्ष में प्रवेश की अनुमति है। नामांकन पत्र के साथ निर्धारित निक्षेप राशि, शैक्षणिक योग्यता, देनदारियों, बैंक खाते तथा आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप 26 में घोषणा पत्र देना आवश्यक है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 31 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 2 नवम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान के लिए 17 नवम्बर तथा मतगणना के लिए 3 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की गई है।

## संस्कृत में दिया जा रहा है मतदाता जागरूकता का संदेश

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ अपने संस्कृत शिक्षक साथियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग के थीम गीत का संस्कृत में अनुवाद कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## नगर के औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में साइकिल लेकर पहुंचे मुख्यनगर पालिका अधिकारी

पुष्पांजली टुडे
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

सतना- जिले में जारी स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज जिला स्तर तथा जिले की समस्त जनपद एवं नगरीय निकाय के मुख्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए एक साथ साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसके तहत निकाय स्तर पर नगर परिषद जैतवारा मे मुख्य बाजार के साथ वार्ड क्रमांक 13 कोरियाँन टोला,संतटोला सहित नगर के औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों की विभिन्न गलियों में साइकिल से जाकर मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन में 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिसमे निकाय के कर्मचारी तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## मऊगंज थाना क्षेत्र में चोरों का है आतंक पुलिस प्रशासन है मौन

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
गौरव सिंह सेंगर रिपोर्टर मऊगंज



मऊगंज थाना में सूचना देने पर बीट प्रभारी जांच तक ही सीमित है जांच के बाद कोई कार्यवाही नहीं होती है इसलिए मऊगंज थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ा हुआ है आए दिन चोरी की घटना घट रही है मऊगंज थाना अंतर्गत ग्राम नदहा कला में दुबारा चोरी का घटना घट गई है ललिता देवी मिश्रा स्वर्गीय राजकुमार मिश्र उम्र 70 साल निवासी ग्राम नदहा कला थाना मऊगंज जिला मऊगंज निवासी हू मैं अपने देवर दुष्यंत कुमार मिश्रा मेरा भांजा घनश्याम तिवारी के साथ मऊगंज पुलिस थाना जाकर जुवानी रिपोर्ट कराया दिनांक 28 / 10 / 2023 शाम करीब 6:00 बजे मैं अपने घर में थी तभी एक लड़का उम्र करीबन 20 साल का रहा अपने घर के पूर्व वाले दरवाजे में बैठी थी वह लड़का मेरे घर के उत्तर वाले दरवाजे तरफ जा रहा था तब मैं पूछी कि कहां जा रहे हो कौन हो तब बताया कि रमाकांत उर्फ रामलोचन कोल निवासी पौपाखर का लड़का हूं गायत्री के घर पैसा लेने जा रहे है फिर मैं शौचालय तरफ गई शौचालय तरफ से 10 मिनट बाद वापस घर आई तो देखी कि मेरे घर का दरवाजा खुला था तब अंदर गई घर के अंदर का पूरा दरवाजा खुला देख कर घबरा गई जब अपने कमरे में गई तो देखी पेटी अस्त व्यस्त थी तब पेटी देखा तो गायब था समान सहेजा तो मेरे पेटी में रखा चांदी का पायल एक अंगूठी सोने की नगदी 5000 हजार नहीं था और 2 सुटकेस नहीं था मुझे संका वही लड़के के ऊपर हो रहा है मेरे घर का दरवाजा खोलकर सोने चांदी जेवर एवं नदी चुरा ले गया है तथा कुछ दिन पहले मेरे देवर दुष्यंत कुमार मिश्रा के यहां भी चियार फाड़ कर घर के अंदर घुसकर सोने चांदी जेवर एवं साड़ियां चोरी कर ले गए थे पुलिस थाना द्वारा जांच कर कोई कार्यवाही नहीं किया गया इसीलिए चोरों का हौसला बुलंद हो गया था और मेरे यहां दोबारा चोरी की थाना मऊगंज जाकर रिपोट कराया अपराध क्र 0709/2030 धारा 457 , 380 भारतीय दंड संहिता के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया।



## रीवा में कांग्रेस को बड़ा झटका एसएस तिवारी ने अमित शाह से भाजपा की सदस्यता ली

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। भाजपा के राष्ट्रीय नेता एवं केंद्रीय मंत्री अमित शाह के हाथों आज रीवा मे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रबल दावेदार रहे एसएस तिवारी ने आज कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्य ले ली है एसएस तिवारी को कांग्रेस से भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस को एक बार फिर से रीवा मऊगंज जिले में बड़ा झटका लगा है समझा जाता है कि कांग्रेस पार्टी से देवतालाब विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से टिकट न मिलने पर कांग्रेस नेता एसएस तिवारी ने नाराज होकर भाजपा ज्वाइन कर लिए।

## गुड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई,कडियाझर गांव से 13 किलो 600 ग्राम गांजा के पौधे जब्त



गुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत करियाझर गांव में अवैध तरीके से गांजे की खेती करते एक आरोपी गुलाब सिंह पिता त्रिभुवन सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी कडियाझर को गिरफ्तार कर 13 किलो 600 ग्राम कीमती 2 लाख रुपये गांजे के पोधे जब्त जप्त कर धारा 8/20 की कार्रवाई कर विवेचना में लिया गया।मीडिया को जानकारी देते हुए गुड़ थाना प्रभारी विकास कपीश ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के तहत जिले में अवैध गतिविधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सघन तलाशी अभियान में सफलता मिली है।

## यह चुनाव आप के भविष्य का है,जो गारंटी वचन दिये है वह निभायेंगे: प्रियंका गांधी

पुष्पांजली टुडे

दमोह। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का हेलीकाफ्टर द्वारा निर्धारित समय पर दमोह आगमन हुआ। हैलीपेड़ से सभा स्थल तक कई स्थानों किल्लाई नाका, जिला कांग्रेस कार्यालय बस स्टेण्ड घंटाघर पर बड़ी संख्या में फूल वर्षा कर उनका स्वागत किया गया घंटाघर स्थित गांधी प्रतिमा, अंबेडकर चौक पर उन्होंने बाबा साहब को नमन किया। श्रीमती प्रियंका गांधी ने महाराणा प्रताप स्थित ग्राउण्ड पर आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 18 वर्षो से जो काम भाजपा ने नहीं किया वह चुनाव के दो महीने पहले महिलाओं के खाते में रूपये डालकर पुनः सत्ता में आने का सपना देख रहे है किंतु उन्हें मालूम होना चाहिये कि आज की नारी जागरूक है वह भाजपा के दोहरे चरित्र को जान चुकी है इन्होंने नौजवानों के रोजगार के साथ छलावा किया है खाने की वस्तुए, पड़ाई की कापी किताबो तक पर जीएसटी लगा दी। चुनाव आते ही यह लोग धर्म और जाति की राजनीति करने लगते है। यह चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि शिवराज जैसी नौटंकी करना और झूठी घोषणायें करना उन्हें नहीं आता वह जो कहते है वह करके दिखाते है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि कमलनाथ जी ने जिले की चारों सीटो दमोह से अजय टंडन, जबेरा से प्रताप सिंह, पथरिया से राव बृजेन्द्र सिंह, हटा से प्रदीप खटीक को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित किया है वह सभी सहज सरल एवं जमीनी कार्यकर्ता है और वह इस मंच से विश्वास के साथ कहते है चारो प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा में भेजेगें। विधायक अजय टंडन ने कहा कि बुंदेलखण्ड के दमोह में आकर उन्होनें शंखनाद किया है और यहां का उनका पहला दौरा है इंद्रिरा जी जैसा व्यक्तिव रखने वाली प्रियंका जी का भाषण सुनने हजारों की संख्या में व्यक्ति और उतनी भारी संख्या में महिलाएं आई। कार्यक्रम का संचालन सीपी मित्तल ने किया। राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव कमलकांत शर्मा सभा प्रभारी सुधांसु द्विवेदी, श्रीराम पारासर, सुरेश पचौरी, रंजीता गौरव पटेल, मंजु वीरेन्द्र राय, मनु मिश्रा, मानक पटेल, सतीश जैन, मनीषा दुबे, रूद्रप्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, सुषमा विक्रम ठाकुर, राशु चौहान, रोहन पाठक, राजा राय, राजेश तिवारी, संजय चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, मंजीत यादव, बबलू भट्ट, रोहन पाठक, राजा राय, राजेश तिवारी, संजय चौरसिया, पारूल टंडन, पवन गुप्ता, शिवम राय, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, केके वर्मा, भूपेन्द्र आजवानी, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, अनिल जैन, अखिल टंडन, बृजेश पटेल, अमर सिंह सहित मंडलम सेक्टर प्रकोष्ठ सहित जिले के कांग्रेसजनों एवं आमजनता की उपस्थिति रहीं।

## बटियागढ़ में असाटी समाज का भव्य कार्यक्रम आयोजित

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

दमोह /बटियागढ़। घनश्यामपुरा में स्थित हरसिद्धि मंदिर प्रांगण में रविवार को असाटी दिवस के मौके पर असाटी समाज बटियागढ़, आलमपुर, नरसिंहगढ़, चिरौला, फुटेरा, बकायन द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम सुबह से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया इसके बाद हरसिद्धि गेट से शोभायात्रा निकाली गई जो कार्यक्रम स्थल पर शोभायात्रा का समापन हुआ तत्पश्चात दीप प्रज्वलित व सरस्वती बंदना का गायन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई समाज के वरिष्ट नागरिकों का तिलक लगाकर सम्मानित किया गया बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें डांस, कुर्सी दौड़, नृत्य सहित अन्य प्रस्तुतियां दी गई साथ ही प्रतियोगिताओ में भाग लेने वाले सभी को उपहार भेंट किए गए इस दौरान अध्यक्ष रविशंकर असाटी, युवा अध्यक्ष राकेश असाटी, महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना जागेश्वर असाटी, सुरेश असाटी, चंपालाल असाटी, गौरीशंकर असाटी, हरिराम असाटी, परसोत्तम असाटी, ब्रजेश असाटी मीडिया प्रभारी , दीपचंद असाटी , दिलीप असाटी, सौरभ, प्रमोद असाटी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं बच्चो द्वारा प्रतियोतिया में भाग लेने वाले पार्थ, पूरव, शालनी, प्रशस्ति, अबीर, शैली मानवी, श्रयांश, अनोखी, परी, विधि, जय श्री, स्पर्श, वरुण, शिवांगी, अदिति, अयांशी, भक्ति को उपहार भेंट किए गए।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पाटन जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने एपीएमसी पाटन के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर श्री स्नेहलभाई पटेल का सम्मान किया





पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे

गुजरात। आज पाटन में रोटलिया हनुमान दादा के सानिध्य में, कई सेवा संगठनों से जुड़े, राजनीतिक और सामाजिक और सहकारी नेता गुजकोमासोल और दूध सागर डेयरी मेहसाणा के निदेशक, सिद्ध हेम सेवा ट्रस्ट के संस्थापक, रोटलिया हनुमान दादा मंदिर के निर्माता और वर्तमान में पाटन एपीएमसी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर, पाटन जिला राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ के सभी संवर्गो के पदाधिकारियों ने श्री स्नेहलभाई के संगठनात्मक कौशल और सेवा उन्मुख दृष्टिकोण का सम्मान किया और उन्हें भविष्य में अपनी क्षमता सिद्ध करने के लिए शुभकामनाएँ दी। श्री स्नेहल भाई ने कहा की वह राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के अच्छे कार्योसे अवगत ही क्योंकि वे संगठन के सेवा कार्यो, शिक्षा एवं शिक्षक हित में किये जा रहे कार्यो से भली-भांति परिचित हैं, उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि पाटन से शुरुआत हुए आज संगठन गुजरात का सबसे बड़ा और सर्वमान्य संगठन बन गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक संघ को धन्यवाद उन्होंने धन्यवाद दिया क्योंकि उनको सम्मानित किया कि और इस मौके पर स्नेहल भाई ने शैक्षिक संघ को बताया की आप एपीएमसी के बड़े हॉल का उपयोग संगठन के काम के लिए कर सकते हैं। इस मौके पर गुजरात के प्राथमिक शैक्षिक महासंघ के उपाध्यक्ष बाबू भाई देसाई, पाटन जिले के प्राथमिक शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष कल्पेश भाई पटेल, गुजरात के माध्यमिक संवर्ग के मंत्री रूपेश भाई भाटिया, पाटन जिले के माध्यमिक संवर्ग के अध्यक्ष धनराज भाई ठक्कर उपस्थित थे। माध्यमिक शैक्षिक एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गुजरात के अध्यक्ष भीखाभाई पटेल ने स्नेहल भाई को शुभकामनाएं देते हुए प्रासंगिक उद्बोधन दिया। एच.टाट.संवर्ग के जिला अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया।





# डैंडर्फ से हैं परेशान तो अपनाएं ये असरदार नुस्खें!



कुछ लोगों को डैंडर्फ की समस्या बहुत ज्यादा होती है। इससे शर्मिंगी तो महसूस होती ही है, साथ ही बालों को भी काफी नुकसान पहुंचता है। अगर यह एक बार आ जाए, तो इससे पीछा छुड़ाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप कई एंटी डैंडर्फ हेयर प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती होंगी, लेकिन उनमें से कई इतने असरदार नहीं होते हैं या रुसी निकालते तो हैं लेकिन बालों को नुकसान भी पहुंचाते हैं। अगर आप नेचुरल तरीके से रूसी से निजात चाहती हैं, तो ये घरेलू नुस्खे जरूर आजमाएं।

### 1. नींबू का रस

नीम्बू को सरसों के तेल में मिलाकर अपने बालो की जड़ों पर लगाएं, फिर अपने बाले की अच्छे से 15 मिनट तक मालिश करें। अपने बालों को अच्छे से धोकर कंडीशनर कर लें।

### 2.टी-ट्री ऑइल

टी-ट्री ऑयल में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल के गुण मौजूद होते हैं जो रूसी को खत्म करने के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इस ऑयल की कुछ बूंदों को अपने शैम्पू मे मिक्स कर लें और फिर अपने बालें के धो लें।

3. एस्पिरिन वैसे तो एस्पिरिन का इस्तेमाल बीमारी में किया जाता है लेकिन इसका ड्रेंफ को मिटाने के लिए भी प्रयोर किया जाता है।अपने शैम्पू की बोटल में एस्पिरिन की तीन गोलियां मिलाकर इसको अच्छे से मिक्स कर लें और रोजाना इसका इस्तेमाल करने से आपकी रुसी झट से गायब हो जाएंगी।

### 4.जादुई पानी

रुसी को मिटाने के लिए पानी में कुछ नीम और तुलसी की पत्तियों को उबाल लें फिर पाती को छान कर ठंडा कर लें। इस पानी से अपनो बालो को धोएं।

### 5 . रूसी रोधक मास्क

नीबू की तरह दही भी बालो के लिए फायदेमंद होता हैं। इसका मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में दही और 2 टीस्पून बेरेकिंग सोडा पाउडर डालें फिर बालों की जड़ो पर अच्छे से लगाएं।

### 6. मुल्तानी मिट्टी

मुल्तानी मिट्टी में 3 चम्मच सेब का सिरका मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें फिर अपने बालें को धोने के बाद 10 मिनट तक बालों पर लगाकर रखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें।इससे रुसी जड़ों से निकल जाएंगी।कुदरती तौर पर बालों को काला करने के लिए देसी घी से सिर की मालिश करें। इसे त्वचा को पोषण मिलता है और बालों के सफेद होने की समस्या भी दूर हो जाती हैं।





# जायफल स्क्रब से करें ब्लैकहेड्स दूर !

हर लड़की सुंदर दिखना चाहती हैं। उनकी सुंदरता में ब?लैकहेड्स जैसी समस्याएं बाधा डालती हैं। ब?लैकहेड्स की समस्यां अक्सर आयली स्किन पर ज्यादा देखने को मिलती हैं।ब?लैकहेड्स त्वचा पर धूल-मिट्टी, स्ट्रेस और नींद पूरी न होने के कारण होती हैं। ब?लैकहेड्स निकालने के लिए बाजार में कई तरह के ब?यूटी प्रोडक?ट्स मिलते हैं लेकिन इन प्रोडक?ट्स में केमिकल होने से इसका त्वचा पर बुरा प्रभाव पड़ता हैं।इसलिए आप कुछ घरेलू तरीके अपना कर ब?लैकहेड्स की समस्यां से छुटकारा पा सकते हैं।

आप जायफल स्क्रब के इस्तेमाल से ब?लैकहेड्स निकाल सकते हैं। अक्सर हर किचन में जायफल का इस्तेमाल खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता हैं। जायफल एंटीबैक्टीरियल होने के कारण त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। यह फेस से गंदगी और मुहासों को हटाने के लिए कारगर साबित होता हैं। हम आपको जायफल से ब?लैकहेड्स को हटाने के उपाय बता रहें हैं।



-2 चम्मच जायफल पाउडर और दूध को बराबर मात्रा में मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लें।

- फिर इसके बाद चेहरे को पानी से धोकर इस पेस्ट को लगा लें।
- ब्लैकहेड्स वाली जगह पर जायफल पेस्ट को अच्छे से लगाएं ताकि इसमे मौजूद एंटीबैक्टीरिया आपकी त्वचा के अंदर जाकर ब्लैकहेड्स को निकाल दें।
- फेस पैक को 15 मिनट लगाकर रखने के बाद अपने चेहरे पर 5 मिनट के लिए जायफल का स्क्रब करें।
- फिर अपनी त्वचा को धोकर उंगलियों के साथ हल्के हाथो से थपथपाएं। इससे आपके चेहरे से गंदगी निकल जाती हैं।
- ऑयली स्किन वाले को शहद का और ड्राई स्किन पर फुल फैट मिल्क का इस्तेमाल इस पेस्ट मे करना चाहिए।

# घरेलू उपायों से पाएं डार्क सर्कल से छुटकारा



आंखों के नीचे काले घेरे पड़ना, आम सी बात हो गई है लेकिन कहीं न कहीं, यह आपकी खूबसूरती पर बुरा इफैक्ट डालते हैं। आंखों के काले घेरों के आगे आपका फेयर कंप्लैक्शन भी फीका पड़ जाता है। इन्हें छिपाने के लिए आप मेकअप का सहारा ले सकते हैं लेकिन मेकअप इन्हें कुछ ही समय के लिए छिपा सकता है। इन्हें पूरी तरह से हटाने के लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होंगे। स्वस्थ व पौष्टिक भोजन, व्यायाम तथा अच्छी नींद इसके लिए सबसे अच्छा तरीका हैं। -टमाटर, नींबू और बेसन टमाटर और नींबू के रस में चुटकीभर बेसन और हल्दी डालकर पेस्ट बनाएं और 20 मिनट काले घेरों पर लगाकर पानी से धो लें। हफ्ते में ऐसा 3 बार करें। - गुलाब जल

गुलाब जल को रूई में भिगोकर आंखों पर 10 मिनट लगाए रखें। इससे आंखें तरो-ताजी और डार्क सर्कल कम होंगे। ऐसा दिन में एक बार रोज करें। -आलू

आलू की पतली स्लाइस काटकर उन्हें आंखों पर 20 से 25 मिनट रखें। इसके बाद चेहरा को अच्छे से साफ कर लें। डार्क सर्कल हटाने का यह सबसे बेस्ट तरीका है।

-बादाम का तेल

बादाम के तेल को आंखों के आस-पास लगाकर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। फिर उंगलियों से 10 मिनट तक हल्की मालिश करें। बादाम में आप शहद भी मिक्स कर सकते हैं।

-चाय का पानी

चायपत्ती को पानी के साथ उबाल लें और फिर ठंडा होने के लिए रख दें। रुई में भिगोकर चाय पानी आंखों के नीचे और आस-पास लगाएं। नियमित रूप से ऐसा करने से चेहरे के काले घेरे तेजी से कम हो जाएंगे।

-टी बैग

डार्क सर्कल्स को दूर करने के लिए टी-बैग्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। टी-बैग्स में मौजूद तत्व टैनिन आंखों के आस-पास की सूजन और काली त्वचा खत्म कर देता है। ग्रीन टी बैग आंखों पर रखने से भी डार्क सर्कल की प्रॉब्लम दूर होती है।

-संतरे का रस और ग्लिसरीन



संतरे के रस में ग्लिसरीन की कुछ बूंदें मिलाएं और इस पेस्ट को हर रोज आंखों और आस पास के एरिया पर लगाएं। यह काले घेरे मिटाने का असरदार तरीका है।

-जैतून तेल

जैतून का तेल से आंखों के आस-पास हल्के हाथों से मसाज करें, इससे रक्त संचार ठीक रहता है। और आंखों की थकान कम होती है, जिससे डार्क सर्कल की समस्या दूर होती है।

-अनानास और हल्दी

अनानास के जूस में हल्दी मिलाकर आंखों के नीचे लगाएं इससे भी डार्क सर्कल कम होंगे। *याद रखें ये बातें - खीरे और आलू के टुकड़ों को आंखों पर रखें। इससे आंखों को ठंडक और ताजगी मिलेगी। - धूप में सनग्लासेज का इस्तेमाल भी डार्क सर्कल से बचाता है। - विटामिन-के और ई से भरपूर सब्जियां और फल खाएं और फ्रैश जूस पीएं।

- कम से कम 8 घंटें की नींद लें।
- रात को सोते समय धूम्रपान या हार्ड ड्रिंक्स से परहेज करें।
- आई मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छी कंपनी का खरीदें।
- आंखों पर कोई भी क्रीम ज्यादा देर तक न लगाई रखें।

-कम से कम 8-10 गिलास पानी पीएं।

# मेकअप की ये 7 चीजें बिलकुल न करें फ्रैंड्स से शेयर



अक्सर लोग खाने से लेकर ब्यूटी प्रॉडक्ट्स तक का सामान एक दूसरे से शेयर करते हैं। खाना शेयर करना अच्छी बात है लेकिन हर चीज शेयर करना नहीं। ब्यूटी प्रॉडक्ट्स शेयर करने से आपकी त्वचा पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। आज हम आपको बताते हैं कि मेकअप प्रॉडक्ट्स शेयर करने के क्या नुकसान हैं।

### 1.लोशन के जार

अपने लोशन के जार को हाथ लगाने से या फिर किसी और व्यक्ति के हाथ लगने से लोशन जार मे बैक्टीरिया पहुंच जाते है,जिससे आपको त्वचा संबंधी कई समस्याएं हो सकती है।

### 2.लिप ग्लॉस

जरूरत पड़ने पर आप अपनी सहेली की लिप ग्लॉस इस्तेमाल कर लेती है, जिसका असर आपके होंठो पर पड़ता है। इससे होंठो पर इंफैक्शन होने का डर बना रहता है।

### 3.मस्कारा

किसी से मस्कारा शेयर करने को न दें क्योंकि आखों कि पलकों पर बैक्टीरिया होने से वह मस्कारे के ब्रश मे चल जाते हैजो किसी ओर के इस्तेमाल करने आखों में इंफैक्शन,दर्द और सूजन जैसी परेशानी दे सकते हैं।

### 4.मेकअप स्पंज

मेकअप स्पंज से त्वचा पर फंगल इंफैक्शन, मुंहासे और त्वचा संबंधी अन्य समस्याएं हो जाती है।

### 5.ट्वीजर

किसी का ट्वीजर शेयर नहीं करना चाहिए।जब आप अपनी आइब्रो के कुछ बाल निकालते है तो उस से खून भी बालों के साथ निकलता है। फिर किसी के इस्तेमाल सें बैक्टीरिया उनकी आईब्रो मे प्रवेश कर जाते है, जिससे इंफैक्शन का खतरा बन जाता हैं।

### 6.हेयर ब्रश

अक्सर आपकी मम्मी आपको शुरू से ही किसी का हेयर ब्रश इस्तेमाल करने से रोकती है। हेयर ब्रश शेयर करने से डेंड्रफ हो जाती है। इसी के साथ इंफैक्शन और जूएं होने का डर बना रहता है।

### 7.सॉप बार

अगर कोई सक्रमित व्यक्ति तो उसके सोप इस्तेमाल से संक्रमन आपके शरीर मे प्रवेश कर जाते हैं, जिसका आपकी त्वचा पर सीधा असर पड़ता है। इसी प्रकार वॉशक्लोथ या लोफा के शेयर से भी त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं।

# शहर के औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में साइकिल लेकर पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



सतना सतना जिले में जारी स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत रविवार को जिला स्तर तथा जिले की समस्त जनपद एवं नगरीय निकाय के मुख्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए एक साथ साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने अधिकारियों तथा प्रतिभागियों के साथ राजेंद्र नगर, धवारी, प्रेमनगर तथा कृष्णनगर सहित शहर के औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों की विभिन्न गलियों में साइकिल से जाकर मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन में 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने साइकिल रैली के दौरान 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिये अपील की है कि जिले के सभी मतदाता बिना किसी प्रलोभन में आये और निर्भीक होकर मतदान दिवस पर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करें। आपका एक मत लोकतंत्र को सशक्त करने के लिये महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार है। प्रशासन द्वारा भी मतदाताओं को मतदान करने जागरूक बनाया जा रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। मतदाताओं को किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। प्रत्येक मतदाता अपनी समझदारी और सूझबूझ के साथ अपने मत का प्रयोग करे और अपने क्षेत्र के विकास के लिये एक योग्य प्रतिनिधि को चुने। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप डॉ परीक्षित झाड़े, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गहलोत, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप सौरभ सिंह, शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिवेश सिंह, जिला संगठक एनएसएस डॉ क्रांति मिश्रा, एनएसएस के वॉलिंटियर तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। इसी प्रकार स्वीप गतिविधि अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में जिले की विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 17 नवंबर को मतदान दिवस पर मत का प्रयोग करने के लिये मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह विधानसभा क्षेत्र अमरपाटन में एसडीएम आरती यादव ने साइकिल रैली का नेतृत्व करते हुये अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ साइकिल चलाकर अमरपाटन के मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। इसी प्रकार रामनगर में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता के लिये साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह, तहसीलदार अनुराग मरावी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। नगर परिषद उचेहरा में नगर पालिका अधिकारी लखनलाल ताम्रकार की उपस्थिति में साइकिल रैली निकाली गई। जो गड़ी मैदान उचेहरा से गौरीशंकर मंदिर से ताम्रकार मोहल्ला होते हुये मुख्य मार्ग, संकटमोचक चौराहा से विष्णुवराह मार्केट में रैली का समापन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जारी कैलेण्डर के अनुसार सभी जनपद मुख्यालय और नगरीय निकाय मुख्यालयों पर मतदाता जागरुकता के लिये साइकिल रैली का आयोजन किया गया।




मैहर जिला मुख्यालय पर भी रिटर्निंग ऑफीसर मैहर विधानसभा सुरेश जादव और सहायक रिटर्निंग ऑफीसर जितेंद्र पटेल की उपस्थिति में साइकिल रैली निकाली गई। जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिये एवं स्वीप गतिविधि की पहुंच मतदाताओं तक बड़ाने सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर, कैंपस एबेंसडर, पार्टनर विभाग और गैर-सरकारी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है।

## विधानसभा निर्वाचन के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि आज

### अपरान्ह 3 बजे तक ही लिये जायेंगे नामांकन पत्र

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के घोषित कार्यक्रमानुसार 21 अक्टूबर 2023 को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों के नामांकन पत्र प्राप्त करने का कार्य जारी है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर नियत है। नामांकन पत्र 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक ही प्राप्त किये जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा विधानसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों से नामांकन पत्र प्राप्त करने के लिये संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के विभिन्न कक्षों में रिटर्निंग ऑफीसर कार्यालय निर्धारित किये गये हैं। जिसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 चित्रकूट के रिटर्निंग ऑफीसर जीतेन्द्र वर्मा न्यायालय तहसीलदार रघुराजनगर के कक्ष क्रमांक जी-8 में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 रैगांव के रिटर्निंग ऑफीसर सुरेश कुमार गुप्ता न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ग्रामीण रघुराजनगर के कक्ष क्रमांक जी-1, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 सतना के रिटर्निंग ऑफीसर नीरज खरे न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शहर के कक्ष क्रमांक जी-4, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 नागौद के रिटर्निंग ऑफीसर एपी द्विवेदी न्यायालय अपर कलेक्टर सतना के कक्ष क्रमांक जी-9, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 मैहर के रिटर्निंग ऑफीसर सुरेश जादव न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त सोहावल के कक्ष क्रमांक जी-18, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 अमरपाटन की रिटर्निंग ऑफीसर श्रीमती आरती यादव न्यायालय कलेक्टर सतना के कक्ष क्रमांक जी-27 और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 रामपुर बघेलान के रिटर्निंग ऑफीसर आरएन खरे न्यायालय नजूल अधिकारी के कक्ष क्रमांक जी-22 में निर्वाचन की कार्यवाहियां सपन्न करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी। नाम वापसी 2 नवंबर तक की जा सकेगी। मतदान 17 नवंबर को होगा और मतगणना 3 दिसंबर को की जाएगी।

## प्रत्येक उम्मीदवार को देना होगा अपराधिक रिकार्ड का विवरण

### उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ जमा करना होगा शपथ पत्र

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना सतना तथा मैहर जिले के सभी 7 विधानसभा क्षेत्रो के लिए चुनाव की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होने के साथ ही इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को आपराधिक रिकार्ड का विवरण देना आवश्यक है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशो का पालन करे। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र 26 में आपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र देना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के 25 सितंम्बर 2018 के आदेश के अनुसार उम्मीदवार को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा पत्र देना होगा। उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी विवरण दर्ज करके नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल कि ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे आपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को भी सूचना देनी होगी। राजनैतिक दल उम्मीदवार के लंबित आपराधिक प्रकरण कि जानकारी दल की वेबसाईट पर दिखायेगे। साथ ही राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे जिसे समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र भरने के बाद कम से कम तीन बार लंबित आपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीव्ही चैनलो में प्रसारित करना अनिवार्य होगा। इनका प्रसारण नाम वापसी कि समय-सीमा समाप्त होने से मतदान के 48 घंटे पहले तक की अवधि में किया जाना है। आपराधिक प्रकरणो कि जानकारी देने के लिए आयोग द्वारा प्रपत्र सी-1 निर्धारित किया गया है। जिसे संचार माध्यमो में प्रकाशित एवं प्रसारित किया जायेगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी-2 में अपने राजनैतिक दल को लंबित प्रकरणो की जानकारी देंगे। जिसे राजनैतिक दल अपनी वेबसाईट में प्रदार्शित करेंगे। उम्मीदवार प्रपत्र सी-3 में रिटर्निंग ऑफीसर को लिखित में जानकारी देगा तथा प्रपत्र 26 में शपथ प्रस्तुत करेगा। प्रपत्र 26 के कॉलम 5 एवं 6 में आपराधिक प्रकरणो कि जानकारी दी जायेगी। सभी उम्मीदवार इन निर्देशो का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

## विधानसभा चुनाव में होगा व्हीव्हीपैट इव्हीएम से मतदान

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना सतना तथा मैहर जिले के सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंम्बर को मतदान का दिन निर्धारित किया गया है। जिलें के 16 लाख 91 हजार 204 मतदाता निर्धारित 1950 मतदान केन्द्रों में व्हीव्हीपैट इव्हीएम से मतदान करेगे। इस मशीन में मतदान के बाद मतदाता अपने मतदान कि पुष्टिकरण पर्ची भी देख सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई यह मशीन शत-प्रतिशत कारगर है। इसके माध्यम से मतदाता स्वयं देख सकता है कि उसने जिस उम्मीदवार को अपना वोट दिया है, वह वोट उसी उम्मीदवार को ही जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दो भाग कन्ट्रोल यूनिट तथा बैलट यूनिट होता है। नई इव्हीएम में तीसरा भाग पुष्टिकरण पर्ची प्रदर्शित करने के लिए जोड़ा गया है। मतदान करने के बाद इसमें सात सेकंड तक मतदाता को पुष्टिकरण पर्ची दिखाई देगी। इसके बाद पर्ची स्वचलित रूप से कटकर सीलबंद बॉक्स में सुरक्षित भण्डारित हो जायेगी। व्हीव्हीपैट मशीन का मुख्य उद्देश्य मतदाता द्वारा किये गये मतदान कि विश्वसनीय पुष्टि करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा व्हीव्हीपैट मशीन के संबध में दी गई अधिकृत जानकारी के अनुसार मशीन पूरी तरह से सुरक्षित तथा कारगर है। इसमें दर्ज जानकारियां एक साल से अधिक समय तक सुरक्षित रहती है। मतदाता पुष्टिकरण पर्ची केवल मतदाता कि संतुष्टि के लिए है। इसका उपयोग मतगणना में नही किया जाता है।

## खरगोन जिले के भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उमरखली में कांग्रेस की रिती निती को देखते हुए 25 ग्रामीण जन भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे



आगामी विधानसभा चुनाव 17 नवंबर 2023 को मतदान होना है इसी को लेकर पार्टी उम्मीदवारों द्वारा जनसंपर्क मेल मिलाप शुरू कर दिया गया कल भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केदार डावर अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लेकर शाम 6 बजे ग्राम उमरखली पहुंचे भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी उमीदवार केदार डावर ग्राम उमरखली पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया डावर की उपस्थिति में उनके कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति में ग्राम उमरखली के 25 ग्रामीण जन कांग्रेस पार्टी की रिति नीति को देखते हुए भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल कांग्रेस उम्मीदवार केदार डावर द्वारा उनका फुल माला पहनाकर कर ज़ोरदार सम्मान किया गया है इस अवसर पर उन्होंने बताया गया की हमारे वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सोनिया गांधी राहुल गांधी प्रियंका गांधी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिग्विजय की ओर से ग्राम उमरखली में भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी भाईयों को धन्यवाद देता हूं जनता खुद चाहती है सत्ता परिवर्तन करने की कांग्रेस सरकार पिछली बार देड वर्ष रहने पर 27 लाख किसानों के कर्ज माफ किया गया था और हमारे वरिष्ठ नेताओं के द्वारा बनाये गये घोषणा पत्र के आधार पर कांग्रेस सरकार बनने पर सारे वादे पूरे किए जायेंगे कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में सभी महिलाओं को हार महा 1500 रूपए मिलेंगे गैस सिलेंडर 500 रूपए में मिलेगा किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ किया जायेगा एक लाख नौकरियां की भर्ती की जायेगी 100 युनिट बिजली मे भी छुट मिलेगी किसानों पर ओर ऐसे कई मुद्दों मुकदमों को सरकार वापस लेगी भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस जो कहती हैं वह काम करती है ग्रामीण जन लालू गुप्ता गुलाब चंद राठौड़ हरे राम पाटील नरेंद्र पाटील मनिष गुजर जागंडे राजेश कुमरावत अशोक वर्मा माणक करोडे रामेश्वर सेन परसराम राठौड़ दिलिप राठौड़ नरेंद्र माणक

# विधानसभा चुनाव व व्हीआईपी भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए ग्वालियर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

### शहर में आने वाले वाहनों की पुलिस ने नाकाबंदी प्वाइंट पर की सघन चेकिंग




दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। विधानसभा चुनाव व शहर में व्हीआईपी भ्रमण के दृष्टिगत रखते हुए ग्वालियर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य/यातायात) ग्वालियर श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस, थाना बल एवं बीडीडीएस ग्वालियर की टीम द्वारा आज ग्वालियर शहर के प्रवेश द्वारों, विभिन्न स्थानों एवं होटल, लॉज, धर्मशालाओं में रूके संदिग्धों के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाकर जांच की गई। विधानसभा चुनाव व शहर में व्हीआईपी भ्रमण के दृष्टिगत रखते हुए ग्वालियर पुलिस द्वारा प्रत्येक थाना क्षेत्रों व नाकाबंदी प्वाइंटों एवं शहर के तिराहे चौराहों पर वाहनों की प्रभावी चेकिंग की गई। वाहनों की चेकिंग के दौरान प्रत्येक वाहन की तलाशी ली गई और थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में होटल, लॉज, धर्मशाला व वाहनों की चेकिंग की गई। आज ग्वालियर पुलिस द्वारा संपूर्ण शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। आज चलाये गये अभियान के दौरान बीडीडीएस टीम (बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वायड) द्वारा भी क्षेत्र में संदिग्ध वस्तुओं की जांच प?ताल की गई। बीडीडीएस की टीम द्वारा व्हीव्हीआईपी के कार्यक्रम स्थल पर भी मेटल डिटेक्टर व पुलिस डॉग के सहयोग से चेकिंग की गई। ग्वालियर पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित होटल, लॉज व धर्मशाला में रूके हुए व्यक्तियों की जांच की गई। यातायात पुलिस ग्वालियर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर दो पहिया व चार पहिया वाहनों की प्रभावी चेकिंग की गई। विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्वालियर पुलिस द्वारा संपूर्ण जिले में प्रभावी चेकिंग की जा रही है।





## नगर के औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में साइकिल लेकर पहुंचे मुख्यनगर पालिका अधिकारी

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



जैतवारा- जिले में जारी स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज जिला स्तर तथा जिले की समस्त जनपद एवं नगरीय निकाय के मुख्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए एक साथ साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसके तहत निकाय स्तर पर नगर परिषद जैतवारा मे मुख्य बाजार के साथ वार्ड क्रमांक 13 कोरियाँन टोला,संतटोला सहित नगर के औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों की विभिन्न गलियों में साइकिल से जाकर मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन में 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिसमे निकाय के कर्मचारी तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## भारतीय प्रज्ञा के व्यास और वाल्मीकि शिखर हैं। महर्षि वाल्मीकि को भगवान की उपाधि दी गईः ओम प्रकाश श्रीवास्तव

### साहित्यकार को सृजन के लिए संवेदना एवं अनुभूति का होना आवश्यक हैः श्रीधर पराड़कर, महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह एवं सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



ग्वालियर। मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ,दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ÷वाल्मीकि जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज दिनांक 28अक्टूबर 2023, अपरान्ह 2ः00 बजे से सभा भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश श्रीवास्तव, आयुक्त आबकारी विभाग,ग्वालियर, अध्यक्षता श्रीधर पराड़कर राष्टीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने की। डॉ. कुमार संजीव सभा अध्यक्ष सभा प्रतिनिधि के रूप में मंचासीन रहे।

## भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह कुशवाह आज नामांकन दाखिल करेंगे

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी भिण्ड विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह कुशवाह अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 30 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। विधानसभा प्रभारी उपेंद्र सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू, अमित जैन शेरु पचौरी श्याम सिंह राठौड़ शिव किशोर सिंह राजावत, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामनरेश शर्मा पूर्व पार्षद अजीत भरौरिया (ऐथिती),उदयवीर सिंह भदौरिया लालू ने संयुक्त रूप से बताया की पार्टी प्रत्याशी नरेंद्र सिंह कुशवाह नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले अटेर रोड स्थित नवादा बाग हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रैली के माध्यम से जिला कलेक्ट्रेट पहुचकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्षों ने सभी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं एवं सभी जनप्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्ताओं देव दुर्लभ जनता से आग्रह किया है। नवादा बाग हनुमान मंदिर अटेर रोड पर प्रातः 10 बजे एकत्रित होकर श्री कुशवाह कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478